विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, डीवान, कुर्सी, पलंग, डिनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचर के निर्माता एवं विक्रेता
लाजपत विहार, रेलवे क्रॉसिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा
सही दाम निष्कपटता का प्रतीक

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 03 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 02 अक्टूबर 2024 डाक 03 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

नई दिल्ली में चुनावी बॉन्ड योजना के तहत कथित अवैध धन संग्रह को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया

देश-विदेश

एस जयशंकर की ड्रैगन को दो टूक, बोले- चीन ने भारत के साथ समझौतों का किया उल्लंघन

फीचर पेज

अगर आप भी करते हैं विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल तो आज ही हो जाएं सावधान, हो सकते हैं ये बड़े नुकसान

इजरायल पर ईरान का इतिहास का सबसे बड़ा हमला, 25 मिनट में 181 मिसाइलें दागीं

अब पूरे ईरान में खौफ, सभी उड़ानें रद इजरायल किसी भी वक्त कर सकता है हमला

इजरायल, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

इजरायल पर ईरानी हमले के बाद अब दोनों देशों के बीच युद्ध की नौबत आ गई है। इजरायल ने ईरान को तबाह करने की कसम खाई है। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि ईरान को कब-कैसे और कहां जवाब देना है... यह हम तय करेंगे। ईरानी हमले के बाद अमेरिका और इजरायल में बैठकों का दौर जारी है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ने आज रात बड़ी गलती की है। उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ऐसे माना जा रहा है कि इजरायल किसी भी वक्त ईरान पर बड़ा हमला कर सकता है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को सबक सीखने की कसम खाई है। उन्होंने ईरान को जल्द ही दर्दनाक सबक सिखाया जाएगा। यह वैसा ह होगा जैसा गाजा, लेबनान और अन्य स्थानों पर उसके दुश्मनों ने सीखा है। हम पर जो भी हमला करता है, हम उस पर हमला करते हैं। बुधवार को ईरान ने कहा कि इजरायल के खिलाफ उसके मिसाइल हमलों को समाप्त कर दिया गया है। उधर, इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की कसम खाई है। अमेरिका ने कहा कि वह इजरायल के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति बाइडन ने मध्य पूर्व में अतिरिक्त सैन्य बल की तैनाती का आदेश दिया है। ईरान और इजरायल के मध्य बढ़ते तनाव से पूरी दुनिया चिंतित है। वहीं ईरान की तख्रीम समाचार

एजेंसी के मुताबिक ईरान ने सभी उड़ानों को स्थानीय समयानुसार गुरुवार सुबह पांच बजे तक रद्द करने की घोषणा की है। मंगलवार की रात ईरान ने इजरायल पर 181 बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया था। इस दौरान इजरायल ने अपने हवाई क्षेत्र को एक घंटे और बेन गुरियन हवाई अड्डे को कुछ समय के लिए बंद किया था। उधर, यूरोपीय संघ ने तत्काल युद्धविराम की अपील की। ईरानी हमले के बावजूद इजरायल ने बुधवार सुबह लेबनान की राजधानी बेरूत में भीषण बमबारी की। हिजबुल्लाह के दर्जनों ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजरायली सेना ने लोगों से इलाका खाली करने का आदेश दिया है। कहा जा रहा है कि ईरानी हमले के बाद इजरायल हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान तेज कर सकता है। ईरान ने इजरायल के खिलाफ इतिहास का सबसे बड़ा हमला किया है। पूरे इजरायल में सायरन बजने लगे। लोगों को शेल्टरों में जाना पड़ा। ईरानी मिसाइलों के धमाकों से यरुशलम और जॉर्डन नदी का इलाका हिल गया। हालांकि इन हमलों में इजराइल में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। मगर इजरायली कब्जे वाले वेस्ट बैंक में एक व्यक्ति की जान गई है। ईरान ने कहा कि इजरायल पर उसका हमला रक्षात्मक था। इसमें सिर्फ इजरायल की सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया गया है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा कि तीन इजराइली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इजरायल पर यह हमला नसरुल्लाह और इस्माइल हानिया की हत्या का बदला है। ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी ने हमले के बाद इजरायल को दोबारा चेतावनी जारी की है।

सदर बाजार इलाके में सीएम विष्णुदेव साय और बृजमोहन अग्रवाल ने लगाया झाड़ू

रायपुर । सदर बाजार इलाके में सीएम विष्णुदेव साय और बृजमोहन अग्रवाल ने झाड़ू लगाया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किये। बता दें कि इसके बाद मुख्यमंत्री सवेरे 11.50 बजे पुलिस लाईन हेलीपेड से रायपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के लिए रवाना होंगे। जहां वे दोपहर 01 बजे से अपरान्ह 2.45 बजे तक विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 3.20 बजे सेंट जेवियर्स स्कूल ग्राउण्ड रायपुर हेलीपेड से रवाना होकर शाम 4.30 बजे पुलिस लाईन रायपुर लौट आएंगे।

एक से दो दिन में घर खाली करेंगे अरविंद केजरीवाल, नया ठिकाना हो गया फाइनल

नईदिल्ली, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जब से सरकारी आवास छोड़ने की घोषणा की है, उन्हें और उनके परिवार को रहने के लिए अपना घर देने वाले लोगों की होड़ सी लग गई है। माना जा रहा है कि पूर्व सीएम मुख्यमंत्री आवास को अगले एक से दो दिन में छोड़ देंगे। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि केजरीवाल और उनका परिवार कहां रहेगा। आप सूत्रों की मानें तो केजरीवाल के लिए घर फाइनल किया गया है। आम आदमी पार्टी के मुखिया परिवार के साथ नई दिल्ली विधानसभा में रहेंगे। इससे पहले अरविंद केजरीवाल को चाहने वाले आम आदमी पार्टी के विधायक, पार्षद, कार्यकर्ता और आम नागरिक समेत हर क्षेत्र से जुड़े लोग उनको अपने घर में रहने की पेशकश कर रहे हैं। अपनी सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना दिल्ली के लोगों ने अपना दिल और घर के दरवाजे उनों और अरविंद केजरीवाल के लिए खोल दिए हैं।

प्राइवेट हेलीकॉप्टर क्रैश, 3 लोगों की मौत, मौके पर फायर ब्रिगेड की टीमें

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे के पिंपरी चिंचवड शहर के बावधन बुद्रुक गांव के पास बुधवार को एक प्राइवेट हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने हेलीकॉप्टर क्रैश होकर गिरने की सूचना हिंजेवाडी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम को बताया गया कि हेलीकॉप्टर में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और मेडिकल टीम घटनास्थल की ओर रवाना हुई। हालांकि, ताजा जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर में सवार तीनों

व्यक्तियों की मौत हो गई है। जब यह हादसा हुआ, तब यह हेलीकॉप्टर ऑक्सफोर्ड गोल्फ रिसोर्ट से मुंबई की दिशा में जा रहा था। पिंपरी चिंचवड पुलिस आयुक्तालय के हिंजेवडी पुलिस हद्द के बावधन इलाके में पहाड़ पर हेलीकॉप्टर के क्रैश होने की यह घटना घटी। स्थानीय प्रशासन और पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं। इस दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। जिस स्थान पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

रिहाई के बाद फिर हिरासत में लिए गए सोनम वांगचुक, अनिश्चितकालीन अनशन जारी

नईदिल्ली, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और 150 लद्दाखियों को कल देर रात दिल्ली पुलिस द्वारा रिहा किए जाने के बाद फिर से हिरासत में ले लिया गया है। जबकि पुलिस स्टेशनों पर उनका अनिश्चितकालीन अनशन जारी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वांगचुक और अन्य हिरासत में लिए गए लद्दाखियों को मंगलवार रात को जाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन वे दिल्ली के मध्य भाग की ओर मार्च करने पर अड़े थे, इसलिए उन्हें फिर से हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि वांगचुक को कुछ अन्य लोगों के साथ बवाना पुलिस स्टेशन में रखा गया है, जबकि अन्य को नरेला औद्योगिक क्षेत्र, अलीपुर और कंझावला पुलिस स्टेशनों में रखा गया है। वांगचुक और उनके साथ आए लोगों को दिल्ली पुलिस ने सोमवार रात शिंगु सीमा पर निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया था। जब उन्होंने अपनी मांगों पर दबाव बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने की कोशिश की थी। वह एक महीने पहले लेह से शुरू हुई दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे थे।

आज से शिक्षकों का सत्याग्रह पदयात्रा

रायपुर। शिक्षक आज रायपुर की सड़कों पर सत्याग्रह पदयात्रा करेंगे। पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत मोदी की गारंटी को लागू करने की मांग को लेकर अपना अधिकार मांगेंगे। शिक्षकों का कहना है कि पदोन्नति सभी वर्गों में नहीं होने की वजह से एक ही पद में 20 से 24 साल हो गए हैं, जिससे शिक्षक एल बी संवर्ग का मनोबल टूट रहा है। 25 नवंबर को पदयात्रा के बाद सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा चरणबद्ध आंदोलन करेगा। छत्तीसगढ़ के शिक्षक आज काम बंद कलम बंद हड़ताल पर हैं। इसके लिए शिक्षकों ने सामुहिक अवकाश लिया है। वे छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन में शामिल होंगे और मांगों का समर्थन करेंगे।

अयोध्या में नवरात्र पर मांस की बिक्री पर बैन, योगी सरकार ने लगाई पाबंदी, अफसरों को निर्देश जारी

अयोध्या, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

नवरात्र पर अयोध्या जिले में तीन अक्टूबर से मांस, मुर्गा, मछली आदि की दुकानें बंद रहेंगी। प्रतिबंध 11 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। यह जानकारी सहायक आयुक्त खाद्य-दो मानिकचंद्र सिंह ने दी। उनके अनुसार यदि रोक के बावजूद मांस का बिक्री व भंडारण किया जा रहा है तो विभाग के टेलीफोन नंबर 05278-366607 पर सूचना दें, जिससे खाद्य सुरक्षा एवं

मानक अधिनियम-2006 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जा सके। शारदीय नवरात्र को लेकर आश्विन शुक्ल, प्रतिपदा तिथि यानी तीन अक्टूबर से राम मंदिर में दर्शन की समय सारिणी में बदलाव किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल कुमार मिश्र ने विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है।

पूर्व शिक्षा मंत्री पर अब सीबीआई का एक्शन, गिरफ्तारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। यह ऐक्शन सुप्रीम कोर्ट द्वारा मामले में चटर्जी की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगे जाने के कुछ घंटों बाद हुआ है। इससे पहले ईडी ने उन्हें 2022 में अरेस्ट किया था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साथ-साथ कथित शिक्षक भर्ती अनियमितताओं की भी जांच कर रहा है।

उज्जैन के महाकाल मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, जैश-ए-मोहम्मद के नाम से मिला पत्र

उज्जैन। राजस्थान के हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर 1 अक्टूबर को एक पत्र मिला है, जिसमें उज्जैन के महाकाल मंदिर सहित कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पत्र में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का नाम लिखा है। इस घटना के बाद पुलिस अलर्ट हो गई और सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई है। राजस्थान के हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को मंगलवार को एक पत्र मिला था। जिसमें 2 नवंबर को उज्जैन के महाकाल मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके साथ ही जयपुर, उदयपुर, बूंदी, कोटा, बीकानेर, जोधपुर, हनुमानगढ़ और गंगानगर रेलवे स्टेशनों को बम 30 अक्टूबर को बम से उड़ाने

की धमकी दी गई है। हनुमानगढ़ स्टेशन मास्टर को भेजे गए पत्र में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का नाम लिखा हुआ है।

यह पत्र डाक के जरिए भेजा गया है। स्टेशन मास्टर ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने स्टेशन पहुंचकर पत्र की जांच की और इसकी जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दी। पत्र मिलने के बाद से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। उज्जैन के महाकाल मंदिर में रोज बम स्क्वाड की टीम जांच करती हैं। इसके साथ ही मंदिर के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर भी लगाए हैं। धमकी वाला पत्र भेजने वाले ने खुद को आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का एरिया कमांडर बताया है।

गंदगी से नफरत हमें स्वच्छता के लिए मजबूर करेगी और मजबूत भी : पीएम मोदी

नईदिल्ली, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गांधी जयंती के दिन स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत के 10 साल पूरे होने के अवसर पर राजधानी स्थित विज्ञान भवन में स्वच्छ भारत दिवस 2024 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी स्वच्छता से संबंधित 9600 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में हमारा हर प्रयास स्वच्छता से संपन्नता के मंत्र को मजबूत करेगा। गंदगी के प्रति नफरत ही हमे स्वच्छता के लिए मजबूर कर सकती है और मजबूत भी कर सकती है। पीएम मोदी ने कहा कि आज पूज्य बापू और लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म-जयंती है। मैं मां भारती के सपूतों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। जिस भारत का सपना गांधी जी और देश की महान विभूतियों ने देखा था, वो सपना हम सब मिलकर पूरा करें, आज का दिन हमें ये प्रेरणा देता है। आज 2 अक्तूबर के दिन

मैं कर्तव्यबोध से भी भरा हुआ हूं और उतना ही भावुक भी हूं। आज स्वच्छ भारत मिशन की यात्रा 10 साल के मुकाम पर पहुंच चुकी है। स्वच्छ भारत मिशन की ये यात्रा करोड़ों भारतवासियों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में कोटि-कोटि भारतीयों ने इस मिशन को अपनाया है, अपना मिशन बनाया है, इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाया है। आज देशभर में स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं। लोग अपने गांवों की, शहरों की, मोहल्लों की, चाल की, फ्लैट की और सोसायटी की स्वयं बड़े आग्रह से सफाई कर रहे हैं। बीते पखवाड़े में देश भर में करोड़ों लोगों ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमों में हिस्सा लिया है। मुझे जानकारी दी गई है कि सेवा पखवाड़ा के 15 दिनों में देशभर में 27 लाख से ज्यादा कार्यक्रम हुए। जिनमें 28 करोड़ से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। निरंतर प्रयास करके ही हम अपने भारत को स्वच्छ बना सकते हैं। मैं प्रत्येक भारतीय का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूंपीएम मोदी ने कहा कि आज के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर आज स्वच्छता से जुड़े करीब 10 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स की भी शुरुआत हुई है। मिशन AMRUT के तहत देश के अनेक शहरों में वॉटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। नमामि गंगे से जुड़ा काम हो या फिर कचरे से बायोगैस पैदा करने वाले गोबरधन प्लांट, ये काम स्वच्छ भारत मिशन को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन जितना सफल होगा, उतना ही हमारा देश ज्यादा चमकेगा। उन्होंने कहा कि आज से 1 हजार साल बाद भी जब 21वीं सदी के भारत का अध्ययन होगा, तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जनभागीदारी, जन नेतृत्व वाले जन आंदोलन है। इस मिशन ने मुझे ईश्वररूपी जनता-जनार्दन की साक्षात ऊर्जा के भी दर्शन कराए हैं।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

मिली जेड कैटेगरी की सुरक्षा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राधा स्वामी सत्संग ब्यास के नए आध्यात्मिक प्रमुख जसदीप सिंह गिल को सशस्त्र अर्धसैनिक कमांडो की जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का ऐलान किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को गिल की सुरक्षा का प्रभार सौंपा है। 45 वर्षीय जसदीप सिंह गिल को यह सुरक्षा खुफिया एजेंसियों को मिले खतरे के इनपुट के बाद दी गई है। सूत्रों के अनुसार, 12-14 कमांडो की एक टीम 24 घंटे शिफ्ट में उनके साथ रहेगी। राधा स्वामी सत्संग ब्यास पंजाब के अमृतसर के पास ब्यास नदी के किनारे स्थित है। देश और विदेश में बड़े संख्या में अनुयायी हैं।

बिना ढंके राखड़ परिवहन करने वाले और ओवर लोडेड वाहनों पर की जाए अर्थदण्ड की कार्यवाही : कलेक्टर

आयुष्मान कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य को दें प्राथमिकता

कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत ने आज समय सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि फ्लाईएश का परिवहन करने वाले वाहनों को पन्नी या तिरपाल से ढंककर ही ले जाएं। खुले वाहन में परिवहन करने पर प्रदूषण तो फैलता ही है इसके साथ ही राखड़ उड़ने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी सर्व, खनिज विभाग एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि बिना ढंके राखड़ का परिवहन करने वाले तथा ओवर लोडेड वाहनों को नियमानुसार सीज करने एवं अर्थदण्ड लगाने की कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर ने जनपद पंचायत पोड़ी, पाली व कटघोरा के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित प्रकरणों की सूची बनाकर तथा शिविर लगाकर आधार अपडेट करने तथा शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश जनपद सीईओ तथा अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र में शिविर लगाकर 15 दिवस में आधार अपडेट तथा शेष हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी सर्व को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों के जाति प्रमाण पत्र प्राथमिकता से बनाएं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सर्व को लक्ष्य निर्धारित कर जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं सचिवों के विरूद्ध लंबित कर वसूली के मामलों में तेजी लाते हुए वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि प्रथम चरण में पसान, लेमरू, श्यांग के पीएचसी एवं सीएचसी में विद्युत व्यवस्था हेतु क्रेडा को प्रस्ताव भेजें।

उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी तथा एसडीएम को निर्देश

दिए। पीएम जनमन अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को वनाधिकार पत्र, बैंक खाता, आयुष्मान, पीएम किसान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, आधार सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। सभी तहसीलदारों को वनाधिकार पत्रक संबंधी रिकॉर्ड को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग को निर्देशित किया कि वर्ष 2015 के बाद के ऐसे प्रकरण जिनके रिकॉर्ड दुरूस्त हैं, उनके वनाधिकार पत्र जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए हितग्राहियों को काबिज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि यदि गांव में कोटवारी जमीन है तो वह प्रारंभ से ही अहस्तांतरणीय जमीन है। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि गांव में जिस भूमि में वन ट्रांजेक्शन हुआ है उसका नामांतरण निरस्त किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण की जाए। ग्राम पंचायत सिरमिना एवं अमझर में आयोजित शिविर स्थल में विद्यालय की बाउण्ड्री वॉल बनाने के लिए आरईएस को इस्टीमेट भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, समय सीमा की बैठक में प्राप्त शिकायतों/प्रकरणों का उचित निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी कटघोरा श्री कुमार निशांत, अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, संयुक्त कलेक्टर श्री श्रीकांत वर्मा, डिप्टी कलेक्टर गौतम सिंह, अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

हसदेव अरण्य में हो रही पेड़ो की अधाधुंध कटाई

कोरबा। आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू तिलक भवन में आयोजित प्रेत प्रेस वार्ता में पत्रकारों से रूबरू हुए ।पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि करीब 1,70,000 हेक्टेयर में फैला हुआ यह हसदेव अरण्य है जिसे मध्य भारत का फेफड़ा कहा जाता है । लेकिन आज हम इस अरण्य में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई देख रहे हैं। केंद्र व राज्य की सरकार एक उद्योगपति को सौंप दिया है और वह उद्योगपति पेड़ों को काटकर कोयला निकल रहा है ।

इस अरण्य के खत्म होने से प्रदेश के कई जिलों में इसका दुष्परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि आगामी नगरीय व ग्रामीण निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरे दाम कम से लड़ेगी । जो साथी किसी कारणवश पार्टी का दामन छोड़ गए हैं उन्हें पुन: पार्टी में प्रवेश दिलाया जाएगा ।पार्टी अब सड़क की लड़ाई लड़ने को तैयार है। आम आदमी से जुड़े हर समस्याओं पर पार्टी मुखरता के साथ अपनी बात शासन प्रशासन के समक्ष रखेगी। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ,दुर्गा झा ,राजेंद्र बहादुर सिंह ,भानु चंद्र ,ओबीसी विंग के प्रदेश अध्यक्ष मुन्ना विसेन ,महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश बघेल , संगठन मंत्री एलेक्स जेंडर केरकेट्टा ,प्रदेश महिला विंग प्रदेश सचिव के ज्योति प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नियोक्ता शुक्ला ,लोकसभा अध्यक्ष प्रतिमा सिन्हा ,सचिव शत्रुघन साहू ,ग्रामीण जिला अध्यक्ष जगलाल राठिया ,सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति रही ।

लोगों को चाहिए सिरकी मोड़ से तिवरता तक फोरलेन रोड

कोरबा । कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में एसईसीएल दीपका कोयला खदान से प्रभावित ग्रामो के ग्रामीणों ने पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल के साथ महाप्रबंधक से मुलाकात की। उन्होंने पुनर्वास ग्राम चैनपुर बतारी की समस्याएं बताई। सिरकी मोड़ से तिवरता तक फोरलेन सड़क बनाने मांग रखी।

जिला पंचायत के पुर्व उपाध्यक्ष ने महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि दीपका-सिरकी मोड़ की सड़क खराब हो गई है। आए दिन यहां से लेकर ग्राम तिवरता तक घंटों ट्रकों का जाम लगा रहता है। दीपका से बिलासपुर-रायपुर जाने के लिए यह एकमात्र सड़क है। इस वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए सिरकी मोड़ से ग्राम तिवरता तक फोरलेन सड़क बनानी जरूरी है। साथ ही दीपका के पुनर्वास ग्राम चैनपुर बतारी में सड़क डामरीकरण, सामुदायिक भवन की मरम्मत, तालाब गहरीकरण, पचरी निर्माण, स्ट्रीट लाइट की सुविधा भी जरूरी है। महाप्रबंधक संजय मिश्रा ने जल्द ही कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने स्वयं भी निरीक्षण करने की बात कही है। इस मौके पर जीएम माइनिंग मनोज प्रसाद के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

संविदा पदों पर भर्ती हेतु 10 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

कोरबा। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, सहायक प्रोग्रामर, लेखापाल एवं सहायक ग्रेड-03 तथा जनपद स्तर पर विकासखण्ड समन्वयक व तकनीकी सहायक स्वीकृत पदों पर भर्ती हेतु आवेदन जिला पंचायत कोरबा में आमंत्रित किए गए हैं। कंप्यूटर/टाइपराइटर अंकित अथवा स्पष्ट अक्षरों में हाथ से भरा हुआ आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से 10 अक्टूबर 2024 शाम 05 बजे तक कार्यालयीन दिवस पर आवेदन कर सकते हैं।

दिव्यांग अभ्यर्थियों की सूची जारी

कोरबा। सीटर आवासीय विशेष छात्रावास डिंगापुर कोरबा में दिव्यांग बच्चों के आवासीय व्यवस्था, थेरेपी हेतु प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी पश्चात दिव्यांग बच्चों की सूची जारी की गई है, जिसे जिले की वेबसाइट एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

सीएमपीएम घोटाले की हो सीबीआई जांच,भामसं ने उठाई मांग

कोरबा। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर आज एस ई सी एल मुख्यालय बिलासपुर के समक्ष हजारों की संख्या में कोयला उद्योग के कोरबा,गेवरा, कुसमुंडा, रायगढ़,जमुना कोतमा, विश्रामपुर,हसदेव, जोहिला और बड़ी संख्या में मुख्यालय बिलासपुर के नियमित और ठेका श्रमिकों ने विशाल धरना प्रदर्शन में उत्साह से शामिल हुए। आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए उपस्थित अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष श्री टिकेश्वर राठौर जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की एवं संगठन के अखिल भारतीय मंत्री एवं एस ई सी एल कल्याण बोर्ड सदस्य श्री महेंद्रपाल सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया, अन्य प्रमुख वक्ताओं में केन्द्रीय उपाध्यक्ष और कोल इंडिया स्टेंडराइजेशन कमेटी के सदस्य श्री मजरुल हक अंसारी, एस ई सी एल समन्वयक एवं जे सी सी सदस्य श्री सुजीत कुमार सिंह, एस ई सी एल सुरक्षा समिति सदस्य श्री संजय सिंह,इन्सेंटिव समिति के प्रभारी श्री प्रदीप सिंह बघेल, आई आर प्रभारी श्री अशोक सूर्यवंशी,भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष और ईपीएफओ सदस्य श्री शंखध्वनि सिंह बनाफर, सहित सभी आठ क्षेत्रों के अध्यक्ष/महामंत्रियों ने सभा को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने सत्रह सूत्रीय मांगपत्र के अनुसार स्थाई और ठेका श्रमिकों की सुरक्षा, चिकित्सा, सीएम पीएफ, बोनस, पेंशन,महिला सशक्तिकरण सहित

सभी विषयों पर शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कोल फेडरेशन के अध्यक्ष श्री टिकेश्वर राठौर ने कोल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा और उग्र आंदोलन किया जाऐगा और अपने चरण में कोल इंडिया मुख्यालय में देश भर के कोयला श्रमिक आंदोलन करेंगे।एस ई सी एल समन्वयक श्री सुजीत कुमार सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए शासन प्रशासन, मीडिया के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं होंगी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित

कोरबा । शासन द्वारा वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने, अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान तथा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को क्रमश: 'वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार', 'मिनी माता सम्मान व 'बहादुर कलारिन सम्मान' वर्ष 2024 प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक पुरस्कार अंतर्गत पुरस्कृत महिलाओं को 02-02 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा छानबीन करने के पश्चात् सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां शासन को भेजी जाएगी। पात्र महिलाएं पुरस्कार प्राप्त करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग में 10 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं।

गरीबी राशन कार्ड का फार्मूला दादा बनर्जी का था

कोरबा। एसकेएमएस को आगे बढ़ाने वाले नेता स्व. कामरेड एच.सी.बनर्जी ने एसकेएमएस को स्थापित करते हुए आगे बढ़ाया। वे संगठन को मजबूत करने के लिए कुसमुंडा और गेवरा जाते थे। इसके अलावा वे मानिकपुर में भी एसकेएमएस को मजबूत कर दिया था। कोरबा एरिया में एसकेएमएस काफी मजबूत संगठन माना जाता है। इसके लिए दादा बनर्जी को श्रेय जाता है। उन्होंने श्रमिकों को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा संघर्ष करने तैयार रहते थे। कई बार वे प्रबंधन को सूचना दिए बगैर ही तत्काल धरने पर भी बैठ गए थे। गरीबी से नीचे जीवन यापन करने वालों के लिए उन्होंने ही सर्वप्रथम कलेक्टर को राशन कार्ड बनाने के लिए मांग पत्र सौंपा था। उन्होंने इसके लिए आवाज भी उठाया था। भले ही सफलता नहीं मिली लेकिन लोगों को पता चल गया था कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों के लिए भी अलग से राशन कार्ड बन सकता है। बाद में यह फार्मूला आगे बढ़कर सरकार ने लागू किया। इसी तरह कई ऐसे समस्या रहे हैं जिसे हल करने का श्रेय दादा बनर्जी को जाता है। आज भी उनको मजदूर याद करते हैं क्योंकि सभी इकाईयों में एटक नंबर वन पर था।

0 दादा बनर्जी के साथ घूमा करते थे खांडे

सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.पी.खांडे दादा बनर्जी के साथ घूमा करते थे। उन दिनों खांडे एसकेएमएस जीएम शाखा के सचिव भी हुआ करते थे इसलिए सारा कामकाज दादा बनर्जी से सीखा करते थे। चिट्ठी-पत्री बनवाने का काम खांडे से कराया जाता था। कई समस्याओं पर चर्चा भी दोनों मिलकर करते थे। संगठन में आर.पी.खांडे का महत्व धीरे-धीरे बढ़ता चला गया। दादा बनर्जी उन्हें सभी क्षेत्रों में ले जाकर लोगों से मिलवाते थे। इसका लाभ अब आर.पी.खांडे को मिल रहा है।

एचटीपीपी संयंत्र से एसओ सहित 5 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

कोरबा । एचटीपीपी संयंत्र कोरबा-पश्चिम के अनुभाग अधिकारी तिलक कुमार शाह सहित 4 अन्य कर्मचारी सेवाकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हो गए। इनके सम्मान में श्रम कल्याण केन्द्र के जूनियर क्लब में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि कारखाना प्रबंधक सह अतिरिक्त मुख्य अभियंता पी.के. स्वेन, विशेष अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एम.के. गुप्ता रहे। सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह, कलाई घड़ी व सेवा प्रमाण-पत्र भेंटकर सम्मानित किया और अमूल्य योगदान को सराहा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन संयंत्र के कल्याण अधिकारी सुरेश सिंह कंवर ने किया। अनुभाग अधिकारी के अलावा संयंत्र के सेवानिवृत्त कर्मियों में कनिष्ठ पर्यवेक्षक मनहरण लाल कैवर्त, विनोद कुमार पांडेय, व्यास नारायण शर्मा, भिलेंद्र कुमार कश्यप शामिल हैं।

आश्रम में खाना खाने के बाद 20 छात्राओं की बिगड़ी तबियत, अस्पताल दाखिल

कोरबा। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम कटोरी स्थित नगोई कन्या आश्रम में पढ़ने वाली लगभग 20 छात्राएं फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गईं। छात्रावास में खाना खाने के बाद अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और उल्टी व दस्त की समस्या होने लगी। सभी छात्राओं को तुरंत काठगोधा के उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा एसडीओपी मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

यह घटना छत्तीसगढ़ में कन्या छात्रावासों में खराब मध्याहन भोजन की बढ़ती समस्या को उजागर करती है। अधिकारियों को इस मामले में जल्द से जल्द जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

सड़क सुरक्षा के उपाय नहीं करने पर उपक्रमों को लगाई फटकार

कोरबा । कोरबा जिले की सड़कों पर बढ़ती सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए जिला कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की एक बैठक आहूत हुई। उक्त बैठक में एडीएम दिनेश कुमार नाग की अध्यक्षता में दुर्घटना, पुलिस कार्यवाही, ब्लैक स्पॉट, सड़क सुधार, परिवहन विभाग की कार्यवाही, यातायात जनजागरूकता कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी पर चर्चा हुई। इसमें मुख्य रूप से 2 माह पहले हुई समिति की बैठक में दिए गए सड़क सुरक्षा के उपाय के निर्देश पर प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान एसईसीएल ने दीपका के गौरव पथ व हरदीबाजार के सरईसिंगार तिराहा पर गड्ढों को नहीं भरने पर फटकार लगाई।

सामाजिक, नैतिक और बौद्धिक प्रगति के लिए 'गुरु' का होना जरूरी:संगीता मोहंती

कोरबा। गुरु हमें जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता करते हैं और हमें बड़ों के प्रति सम्मान और सही और गलत के बीच अंतर जैसे आवश्यक मूल्य सिखाते हैं। वे हमें ज्ञान, कौशल और सकारात्मक व्यवहार से सिखाते हैं जो हमें अपने जीवन में भटकने से दूर रखते हैं।

गुरु हमेशा मनुष्य के मार्गदर्शक रहे हैं। गुरु मनुष्य के जीवन से अंधकारमय अज्ञान का कार्य करते हैं। अज्ञानता दूर करके ज्ञान का प्रकाश देकर उसे मोक्ष के द्वार तक पहुंचाने का काम गुरू ही करते हैं।मानव जीवन में गुरु का सबसे अधिक महत्व है। क्योंकि गुरु विद्या के गूढ़ रहस्य को बताकर शिष्य में उसके चरित्र और भविष्य का निर्माण करता है। जीवन को सुखमय रखने के लिए मानव को किसी विषय के एक योग्य गुरु बनाने की आवश्यकता होती है। गुरु में श्रद्धा भाव के बिना शिक्षा की प्राप्ति नहीं होती है।गुरु हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं। हमारे जीवन के प्रथम गुरु हमारे माता-पिता

होते हैं। जो हमारा पालन-पोषण करते हैं, सांसारिक दुनिया में हमें प्रथम बार बोलना, चलना तथा शुरुवाती आवश्यकताओं को सिखाते हैं। अत: माता-पिता का स्थान सर्वोपरि है।उपरोक्त सभी बातों को शत प्रतिशत महत्व देते हुए इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में शिक्षक सम्मान समरोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संगीता मोहंती(धर्म पत्नी,जी एम गेवरा एवं प्रेसिडेंट श्रेया महिला मंडल) उपस्थित थीं,साथ ही विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्रीमती बबीता कुमार (जी एम प्रोजेक्ट), श्रीमती रूप एकेवरम (जी एम ऑपरेशन), श्रीमती सौम्या अनिल कुमार (धर्मपत्नी डॉक्टर अनिल कुमार), श्रीमती रश्मि सिंह (जीएम ए एंड एम), श्रीमती अनुरीता कोपरिया (चीफ मैनेजर एनवायरनमेंट), श्रीपति अपर्णा सिंदूर, गोपाल सिंह सेल्वा उपस्थित थे।

सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता के साथ मिलकर द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय की छात्राओं ने सभी उपस्थित अतिथियों का तिलक एवं पुष्प कुछ से स्वागत किया। विद्यार्थियों ने अतिथियों के स्वागत में बहुत ही सुंदर एवं कर्णप्रिय स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात विद्यालय के नृत्य प्रशिक्षक हरि सारथी ने भगवान कृष्ण के उपदेशों को प्रस्तुत करती एक बहुत ही सुंदर भाव नृत्य की प्रस्तुति दी ।जिसे देखकर सभी अतिथि एवं विद्यार्थी तथा शिक्षक गण अभिभूत हो गए। विद्यालय की छात्राओं ने भी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के पश्चात विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं को अतिथियों के करकमलों के द्वारा श्रीफल, साल एवं आकर्षक उपहार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी में विराजमान श्रीमती संगीता मोहंती ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि गुरु की कृपा व्यक्ति के हृदय का अज्ञान व अन्धकार दूर होता है। गुरु का आशीर्वाद ही प्राणी मात्र के लिए कल्याणकारी, ज्ञानवर्धक और मंगल करने वाला होता है। संसार की सम्पूर्ण विद्याएं गुरु की कृपा से ही प्राप्त होती है अत: गुरु के प्रति हमेशा श्रद्धा व समर्पण भाव रखने चाहिए। इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की कला और यहां की शिक्षा को किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। यह यहां के विद्यार्थियों के व्यवहार से झलकता है। कोयलांचल में शिक्षा एवं विज्ञान तथा कला का यह प्रमुख केंद्र है। ज्ञान होना आवश्यक है

कामरेड दादा स्व.एच. सी. बनर्जी की आज पुण्यतिथि पर बनर्जी परिवार श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

-: विनीत :-

उज्जवल बनर्जी-श्रीमती श्यामली बनर्जी, उत्पल बनर्जी, श्रीमती मीरामी बनर्जी, देवाशीष बनर्जी, श्रीमती तृप्तिता मुखर्जी, मनीष मुखर्जी, श्रीमती रोशनिमता मुखर्जी, संदीप मुखर्जी, श्रीमती पार्वतीमा बाकदाडी, अंनि बाकदाडी।

कामरेड दादा स्व. एच. सी. बनर्जी की आज पुण्यतिथि पर सिस्टा श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

विनीत

आर. पी. खाण्डे

राष्ट्रीय अध्यक्ष

सिस्टा

एएसआई ने लड़कियों के साथ लगाया ठुमका, एसपी ने किया निलंबित

जांजगीर - चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के बिर्रा थाना में पदस्थ एएसआई फूलेश्वर सिंह सिदार का वर्दी में आर्केस्टा में लड़कियों के साथ ठुमके लगाते वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ। जिसे एसपी विवेक शुक्ला ने संज्ञान में लेते हुए एएसआई को निलंबित कर दिया है।

बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सोनादह 30 सितंबर को एक डांस आर्केस्टा का आयोजन ग्रामवासियों के द्वारा किया गया था। रात्रि गश्त में एएसआई फूलेश्वर सिंह सिदार की ड्यूटी लगाई गई थी। गश्त के दौरान वे ग्राम सोनादह पहुंच गए और आर्केस्टा में बज रहे गाने पर डांस कर रही लड़कियों के वे भी डांस करने लगे।

सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है वीडियो

किसी ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया में वीडियो जिले के पुलिस अधीक्षक ने तुरंत संज्ञान में लिया और वीडियो में नजर आ रहे पुलिसकर्मी की पहचान कराई। इसके बाद एसपी ने एएसआई फूलेश्वर सिंह सिदार को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने इस घटना को अनुशासनहीनता माना और पुलिस की गरिमा के अनुरूप नहीं बताया है।

अचानक उठे और डांस करने लगे

एएसआई कुछ देर तक मंच से नीचे लोगों के साथ बैठकर लड़कियों का डांस देख रहे थे। इसी दौरान अचानक वे उठे और डांस करने लगे। इस दौरान वहां मौजूद लोग भी उन्हें देखने लगे। वहां मौजूद ग्रामीणों ने इसका वीडियो बना लिया था। वर्दी में लड़कियों के साथ डांस की इस घटना को पुलिस अधिकारी ने अनुशासनहीनता माना और एएसआई पर कार्रवाई कर दी।

बैंक की नकली ब्रांच खोलकर भर्ती के नाम पर बेरोजगारों से की ठगी

सत्ती। छत्तीसगढ़ के मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम छपोरा में बीते दिनों एसबीआई की फर्जी ब्रांच खोलने का मामला सामने आया था। जांच के दौरान पता चला कि इस शाखा में किसी भी ग्रामीण के रुपये जमा नहीं किए जाते हैं। बेरोजगार युवकों को एसबीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के लिए फर्जी ब्रांच खोली गई थी।

बेरोजगारों से लाखों रुपए लेकर मैनेजर, कैशियर, फाइनेंस एडवाइजर सहित गार्ड की नौकरी का झांसा देकर नियुक्ति पत्र भी दिया गया। इसके बाद ट्रेनिंग के नाम पर फर्जी ब्रांच में भेज दिया गया। बालोद और कबीरधाम सहित अन्य जिले के बेरोजगार युवा नौकरी लगने के नाम पर ठगी के शिकार हुए हैं।

मालखरौदा थाना प्रभारी राजेश पटेल ने बताया कि बालौद जिले के विकास नाम का एक युवक भी ठगी का शिकार हुआ है। हालांकि युवक से कितनी राशि की ठगी हुई है, यह स्पष्ट नहीं है। वहीं कबीरधाम के एक युवक ने कैशियर की नौकरी के लिए ठग को पांच लाख रुपए दिए थे।

ठगे हुए 6 लोग बैठे थे बैंक में

पुलिस की जांच में पता चला है कि इस ब्रांच के खुलने की जानकारी एसबीआई के अधिकारियों को नहीं थी। किसी ने फर्जीवाड़ा की जानकारी दी तब एसबीआई प्रबंधन की ओर से मालखरौदा पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस के पहुंचने के पहले ही कथित बैंक मैनेजर फरार हो गया था। छपोरा के एक मकान में बैंक शाखा बोर्ड लगा हुआ था। शाखा में ठगी के शिकार हुए छह कर्मचारी बस मौजूद थे।

मामले में पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्य कर्मचारियों के खिलाफ बीएनएस 3(5), 318(4), 336, 338, 340 के तहत अपराध दर्ज किया है। मालखरौदा पुलिस ने रेखा साहू नाम की युवती व मनधीर व पंकज के नाम युवक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि आरोपियों ने कितने लोगों के साथ धोखाधड़ी की है।

अधिकारी ने अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को ओआईसी बनाकर भेजा, महाधिवक्ता ने की कार्रवाई की मांग

बिलासपुर। बिलासपुर हाईकोर्ट में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक अधिकारी ने अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को ओआईसी (प्रभारी अधिकारी) बनाकर जवाब प्रस्तुत करने भेज दिया। महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने इस पर नाराजगी जताते हुए मुख्य सचिव को पत्र लिखकर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कोर्ट की नोटिस के बाद महाधिवक्ता कार्यालय ने जल संसाधन विभाग के ओआईसी को जवाब फाइल कराने बुलाया था। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने जब जरूरी दस्तावेजों के संबंध में जानकारी मांगी तब यह गड़बड़ी सामने आई। धोखाधड़ी से नाराज महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दोनों अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने कहा है।

शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की संग किया दुष्कर्म

जांजगीर-चांपा जांजगीर चांपा जिले में शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी युवक का एक महिला ने सहयोग किया। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

चांपा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपी शिवम मिरी और भागने में सहयोग करने वाली महिला सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।जानकारी अनुसार, परिजनों ने चांपा थाने में एफआईआर दर्ज कराई की 26 सितंबर की रात्रि को नाबालिग लड़की घर में नही थी किसी को कुछ बताए बिना कही चली गई, आस पास तलाश की मगर कुछ पता नहीं चला जिसपर धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर पता तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को सुचना मिली कि चांपा रेलवे स्टेशन में नाबालिग लड़की किसी लड़के के साथ है। जिस पर पुलिस टीम पहुंची और नाबालिग लड़की और युवक शिवम मिरि को पकड़कर चांपा थाना लाया गया।

बुजुर्गों एवं महिलाओं के प्रति मान सम्मान रखना सभ्य समाज की पहचान-कलेक्टर

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर आशा निकेतन वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री गोयल ने वरिष्ठ जनों को शाल श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि कोई भी समाज सभ्य तभी कहलाता है, जब वह अपने बुजुर्गों एवं महिलाओं के प्रति मान-सम्मान का भाव रखता है, तभी उस समाज की पहचान सभ्य समाज के रूप में होती है। विश्व भर में प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्ध जनों का सम्मान किया जाता है। हमें खुशी है कि हमारे देश में 700 से अधिक जिले में से एक रायगढ़ जिला भी है जहां यह कार्यक्रम आज आयोजित हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, व्यक्ति में बुजुर्गों के प्रति सम्मान एवं देख भाल की भावना जागृत करना हैं। बुजुर्गों का सम्मान केवल आयोजन में न होकर हर घर में होना चाहिए। हर घर में बड़े बुजुर्ग है, उनका देख-रेख करें, मान-सम्मान करें। यह एक सामाजिक सोच एवं विचारधारा है जो हमारे ग्रंथ एवं बुजुर्गों की सीख में भी देखने को मिलता है कि हमें अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए।

किसी परिवार में केवल बुजुर्ग सदस्य हो तो उसकी देख रेख की जिम्मेदारी समाज की होती है। जिसमें शासन उनकी जिम्मेदारी लेते हुए अपनी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से संबल प्रदान करता है। इसके साथ ही गैर शासकीय संस्थाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है, जिसका रायगढ़ बेहतर उदाहरण है। यहां गैर शासकीय संस्थाएं समाज के लिए आगे बढ़कर कार्य कर रही है। जो अन्य जिलों में बहुत कम दिखाई देता है। सफर अभी लंबा है, मंजिल अभी दूर है लेकिन हमें अपने सम्मानीय वृद्ध जनों के प्रति सम्मान का भाव हर व्यक्ति के सोच-विचार में लाना होगा।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि हर व्यक्ति किसी ने किसी वृद्ध व्यक्ति के संपर्क में है और हर वृद्ध व्यक्ति को समाज सम्मान के साथ रहने का हक है। वृद्ध होने पर सबसे पहले उनके स्वास्थ्य और दूसरी वित्तीय स्थिति खराब होती है। सभी घर की जिम्मेदारी है कि बुजुर्ग व्यक्तियों का वित्तीय प्रबंध करें।

साथ ही वृद्धजन अपना स्वास्थ्य का अत्यधिक ख्याल रखें, हालांकि इस उम्र में सभी आसन नहीं किए जा सकते परंतु प्राणायाम अवश्य रूप से करें ताकि आपका स्वास्थ्य बेहतर रहे। उन्होंने वृद्ध जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप हमारे देश की पूंजी हैं आपके पास जो अनुभव है वह महत्वपूर्ण है। पढ़ने-लिखने से ही ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती आपके जीवन के अनुभव का संक्षिप्त ज्ञान आने वाली पीढ़ी को अवश्य दें। इस अवसर पर एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, उप संचालक समाज कल्याण श्री एस.एस.पाण्डेय, डॉ.एच.एस.उरांव सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

ब्रेन लिपि में पढ़ वृद्धजन का किया सम्मान, कलेक्टर ने की सराहना

अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत के साथ ही देवकी महंत ने ब्रेन लिपि में वृद्ध जन के सम्मान, समाज में उसके अनुभव का महत्व एवं परिवार में बुजुर्ग की अहमियत पर लिखे अपने वक्तव्य को सुनाई। देवकी महंत, फ्लेश्वरी, पवन कुमारी राठिया, अल्फ्र कुजूर ये चारो बालिका नंदा सरकुलेशन संस्थान बरगांव में रहतीं है। कलेक्टर श्री गोयल ने उनसे परिचय प्राप्त कर, उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत सुंदर गीत की सराहना की।

स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का किया गया वितरण

अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य जांच हेतु स्टॉल लगाया गया था। इस दौरान हीमोग्लोबिन, ब्लड, शुगर, बीपी सहित सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच किए गए एवं बुजुर्गों को निःशुल्क दवाइयां का भी वितरण किया गया।

स्वच्छता के लिए लोगों को करें जागरूक-कलेक्टर

रायगढ़। रायगढ़ स्टेडियम में स्वच्छता का संदेश देते हुए एस.एच.एस.2024 पर ढाई हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। मौके पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने स्वच्छता को आत्मसात करने एवं लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलायी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने आसपास स्वच्छ रखने के साथ ही कहीं पर भी गंदगी करने एवं कचरा फेंकने वाले लोगों को अवश्य रूप से टोके, ताकि स्वच्छता बनी रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी देश एवं शहर के भावी भविष्य हो। आपका सजग रहना महत्वपूर्ण है, तभी आपके परिवार, मित्रगण, रिश्तेदार सभी स्वच्छता पर ध्यान देंगे। कलेक्टर श्री गोयल ने विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए उसे अक्षरशः आत्मसात करने को कहा। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना है, कहीं पर भी कचरा नहीं फेंकना है, घरों से निकलने वाले कचरे को सूखा एवं गीला अलग-अलग करके स्वच्छता दीदियों के रिक्शा या निगम के वाहनों को ही देना है। सड़कों पर कोई कचरा फेंकता है या गंदगी करता है तो उसे टोकना भी है। इससे हमारा आपका शहर स्वच्छ रहेगा। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी छात्र-छात्राओं को साल में 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने के साथ ही स्वच्छता अभियान में 100 लोगों को जोडऩे और उन्हें भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा के लोगो पर छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक मानव श्रृंखला बनायी गई थी। इस दौरान छात्रों ने संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता, स्वच्छता अपनाना है रायगढ़ को स्वच्छ बनाना है, भारत माता की जय के नारे भी लगाए।

सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती पूनम दिवेश सोलंकी, एमआईसी सदस्य श्री शेख सलीम नियारिया, शिक्षा सहायक संचालक प्रशासन श्रीमती वर्षा शर्मा, लायंस क्लब के पदाधिकारी, स्कूल से आए शिक्षकगण, निगम के अधिकारी-कर्मचारी सभी ने भी स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में कमिश्नर श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सभी स्कूल के शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी और स्कूल के छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

विभिन्न स्कूलों के ढ़ाई हजार विद्यार्थी हुए शामिल

कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल चांदमारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्रधर नगर, हाई स्कूल केवड़ाबाड़ी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जूटमिल, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नटवर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल, हाई स्कूल राजीव गांधी नगर, हाई स्कूल रामभाठा, कार्मेल हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बाल मंदिर, गुरु द्रोण स्कूल, साधुराम विद्या मंदिर, सेंट टेरेसा स्कूल, जिंदल स्कूल पतरापाली, डीपीएस रायगढ़, वैदिक स्कूल पटेलपाली, सेंट जेवियर, विद्या विकास, संस्कार स्कूल के 2500 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुजुर्गों का किया गया सम्मान

बालोद। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस समारोह के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कृतिका साहू एवं ग्राम पंचायत झलमला के सरपंच श्रीमती उमा पटेल ने वृद्धजनों को सम्मानित कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अतिथियों ने परिवार एवं राष्ट्र के निर्माण में बुजुर्गों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदानों को अतुलनीय बताया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा बुजुर्गों को शॉल, श्रीफल एवं छड़ी भी भेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बुजुर्गों को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित करने के अलावा उन्होंने आत्मीय भाव से प्रणाम कर उनसे आशीर्वाद भी लिया। जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर श्री चन्द्रवाल के इस सहजता, बुजुर्गों के प्रति अपनापन एवं आत्मीय भाव से बुजुर्गों के अलावा वहाँ उपस्थित सभी लोग बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा ने बुजुर्गों के कल्याण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बुजुर्गों को बुजुर्गों से संबंधित शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। इस अवसर पर उन्होंने समाज एवं परिवार के निर्माण में बुजुर्गों के योगदानों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि बुजुर्ग हमारे धरोहर है। उनके योगदान हम सबके लिए सचमुच अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि हमारे वेद, शास्त्रों में भी माता-पिता को देव तुल्य माना गया है। चन्द्रवाल ने कहा कि माता-पिता और हमारे बुजुर्ग हम सभी के प्रथम शिक्षक होते हैं। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का असर पूरे परिवार के ऊपर पड़ता है। चन्द्रवाल ने कहा कि एक अच्छे समाज एवं परिवार के निर्माण के लिए माता-पिता, बुजुर्गों तथा बच्चों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि ये सभी मिलकर एक बेहतर समाज एवं परिवार के बुनियाद का निर्माण करते हैं। इसलिए हम सभी को बुजुर्गों के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन को सदैव आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने आज के इस अवसर पर तपती गर्मी में भी बड़ी संख्या में बुजुर्ग की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए उन्हें हृदय से धन्यवाद भी ज्ञापित करते हुए सादर नमन किया। जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साहू ने कहा कि समाज व राष्ट्र के निर्माण में बुजुर्गों के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अपने माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान कर एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान देने को कहा। समारोह में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस तथा शासन द्वारा बुजुर्गों के संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बुजुर्गों के स्वास्थ्य जाँच हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवाइयां आदि प्राप्त की। कलेक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण हेतु लगाए गए पण्डाल का अवलोकन कर मौके पर उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की।

क्रिकेट टीम में सेलेक्शन कराने के नाम पर ठगी

बिलासपुर। बिलासपुर के तोरवा पुलिस ने राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट टीम में सलेक्शन कराने के नाम पर ठगी करने वाली वाली फरार महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है । महिला बच्चों के अभिभावकों से करीब 70 लाख रुपए ठगे लिये थे, मामले में पूर्व दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। फिलहाल पुलिस महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया है। प्रार्थिया राखी खन्ना ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बेटे आकाश खन्ना के क्रिकेट अकादमी बंगाली काली मंदिर ग्राउंड तोरवा में ज्वाइन किया था जिसका कोच सन्नी दुआ था डायरेक्टर अंजुल दुआ और उसका पति सन्नी दुआ के द्वारा बच्चों को नेशनल लेवल पर क्रिकेट टीम में सलेक्शन दिलाने के सुनहरे सपने दिखाकर बच्चों और अभिभावकों से नगदी रकम कर ली थी।

पीजी करने पहुंचे छात्र को नहीं मिला एडमिशन, भूख हड़ताल पर बैठा

बिलासपुर। जिले के मस्तूरी विकासखंड के शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय में पढ़ाई को लेकर एक छात्र ने भूख हड़ताल कर दिया है छात्र इस तरह का निर्णय इसलिए लिया है क्योंकि उसे तीसरी बार पीजी करने के लिए महाविद्यालय में एडमिशन नहीं दिया गया। दरअसल छात्र चीनू टंडन नाम के छात्र ने हिंदी और राजनीतिक शास्त्र में इसी महाविद्यालय मे पहले भी पीजी की पढ़ाई की है और अब तीसरी बार अर्थशास्त्र में पीजी करना चाह रहा है। इसकी जानकारी उसने विश्वविद्यालय से प्राप्त की और 25 सितंबर को अपना फार्म भी जमा कर दिया लेकिन उसे 30 सितंबर को अंतिम दिन तक एडमिशन नहीं दिया गया। जब उसने अपने एडमिशन को लेकर प्राचार्य और अन्य संबंधित लोगो से जानकारी की मांग की तो कोई भी उसे संतोषजनक जवाब नही दिया।जिससे परेशान होकर छात्र ने रात तक महाविद्यालय के सामने धरना व भूख हड़ताल में बैठ गया।

रायपुर पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

रायपुर। पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ है। विभाग ने एसआई, एएसआई और हेड कॉस्टेबल समेत 55 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, छह एसआई, 13 एएसआई, एक महिला प्रधान आरक्षक, 10 प्रधान आरक्षक और 25 आरक्षकों का तबादला किया गया है। इसे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने देर रात आदेश जारी किया है।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में सीएमओ को सभी स्कीमो का रिव्यू करने दिए निर्देश

सत्ती। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी सीएमओ को अपने-अपने निकाय में संचालित सभी स्कीम का रिव्यू करने के निर्देश दिए ।

नशामुक्ति व जागरूकता के लिए कार्ययोजना

कलेक्टर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नशामुक्ति व जागरूकता के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने जिले में नशामुक्ति केंद्र भी बनाये जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने प्रदेश सहित जिले में आगामी दिनों में होने वाले धान खरीदी कार्य के लिए खाद्य विभाग, सहकारिता और मार्केफेड सहित संबंधित विभागों को प्रारंभिक तैयारिया करने के निर्देश दिए ।

विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन

कलेक्टर ने जिले में बारदानों की उपलब्धता, पीडीएस बैग, सोसायटी का रिन्यूवल सहित अन्य आवश्यक तैयारिया रखने के निर्देश दिए जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हों । कलेक्टर द्वारा विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन करने वाले सभी विभागों को नवाचारी कार्य भी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा जिले में एडीबी सड़क निर्माण कार्य के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई।

कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से जाति प्रमाण पत्र के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा शेष बचे जाति प्रमाण पत्र के कार्यों को तेजी से कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा जिले में पीएमश्री स्कूल अंतर्गत निर्माण और मरम्मत कार्य की अद्यतन स्थिति, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, उल्लास

योजना अंतर्गत कार्यों की आनलाइन एंट्री आदि कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा पीएम आवास योजना अंतर्गत अपूर्ण आवासो को पूर्ण कराए जाने की प्रगति की जानकारी ली।

इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण, मस्टररोल की संख्या, मनरेगा के कार्यों आदि अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी ली गई । कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिकलसेल स्क्रीनिंग,चिरायु योजना सहित अन्य प्रगतिरत कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

आयुष्मान कार्ड को बनाने के निर्देश

कलेक्टर द्वारा जिले में शेष बचे लोगों का आयुष्मान कार्ड को बनाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आगामी पंचायत और नगरीय निकाय निर्वाचन संबंधी कार्यों की जानकारी लेते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत प्रगति की जानकारी, लैंड सीडिंग, नवीन समितियों में गोदाम निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति, ई-श्रम पोर्टल में श्रमिको की एंट्री, पेंशन प्रकरण, अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, नक्शा अद्यतीकरण, सीमांकन, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।।

बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, संयुक्त कलेक्टर के एस पैकरा, परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज, डभरा एसडीएम बालेश्वर राम, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, तहसीलदार बारद्वार विद्या भूषण साव, तहसीलदार सक्ती मनमोहन सिंह, सुशीला साहू, तहसीलदार डभरा रविशंकर राठौर, तहसीलदार हसौद भीष्म पटेल, तहसीलदार चंद्रपुर आशीष पटेल सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

अनमोल वचन.....

जीवन में कुछ भी अच्छा करने के लिए आपको किसी डिग्री की आवश्यकता नहीं है

चीन विरोधी रुख क्वॉड-2024 में मुख्य थीम

बाइडेन ने अपना चीन विरोधी रुख दो-टूक व्यक्त किया। कहा कि चीन हर मोर्चे पर हमारा इम्तिहान ले रहा है। चीन की चुनौती और इंडो-पैसिफिक में उसके बढ़ते कथित दबदबे से निपटना क्वॉड-2024 में मुख्य थीम बना रहा। वैसे तो अमेरिका के डेलवेयर में आयोजित क्वॉड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलॉग (क्वॉड) शिखर सम्मेलन की विदाई बैठक कहा गया था, लेकिन यहां इसके सदस्य देशों ने चीन के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। इसे विदाई बैठक इसलिए कहा गया, क्योंकि यह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की इसमें आखिरी भागीदारी थी। अगले कुछ महीनों में दोनों अपने पद से रिटायर्ड हो जाएंगे। लेकिन जाते-जाते बाइडेन ने अपना चीन विरोधी रुख दो-टूक व्यक्त किया। कहा कि चीन हर मोर्चे पर हमारा इम्तिहान ले रहा है। चीन की चुनौती और इंडो-पैसिफिक में उसके बढ़ते कथित दबदबे से निपटना क्वॉड-2024 में मुख्य थीम बना रहा। जारी साझा बयान में कहा गया- हम विवादित पक्षों के सैन्यीकरण और दक्षिणी चीन सागर में बलपूर्वक और धमकाने वाले पैतरों पर गंभीर चिंता जाहिर कर रहे हैं। इसके बावजूद क्वॉड नेता चीन का सीधे नाम लेने से बचे। यहां तक कि बाइडेन ने बैठक में जब कहा कि 'चीन लगातार आक्रामक बर्ताव कर रहा है और समूचे क्षेत्र में हमें जांच रहा है', तो बताया गया कि ये टिप्पणी सार्वजनिक तौर पर नहीं की जानी थी। लेकिन संभवतः बाइडेन का माइक्रोफोन गलती से ऑन रह जाने की वजह से यह सबको सुनाई दे गया। उधर प्रधानमंत्री मोदी ने यह जिक्र करना जरूरी समझा कि क्वॉड किसी देश विशेष के खिलाफ नहीं है। उन्होंने पहले की ही तरह क्वॉड को सकारात्मक एजेंडे से संचालित बताने की कोशिश की। वैसे मोदी ने कहा कि क्वॉड मुक्त और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का समर्थन करता है। उन्होंने कहा- मुक्त, खुला हुआ, समावेशी और संपन्न इंडो-पैसिफिक हमारी प्राथमिकता है। हम किसी के विरुद्ध नहीं हैं। हम सभी नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता के लिए सम्मान, भूभागीय अखंडता और सभी मसलों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। बातों का मतलब साफ है। निशाना चीन ही है। तटरक्षकों के साझा अभ्यास पर सहमति भी चीन केंद्रित ही है। फिर भी चीन का सीधे नाम लेने में हिचक क्यों है, यह समझना रहस्य बना हुआ है। क्या यह भारत की ब्रिक्स और एससीओ जैसे मंचों पर भी उपस्थिति की सीमाओं के कारण है।

राशिफल

मेष राशि: आज लाजवीर आपके साथ होंगे। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों को अपनी बात समझाने में सफल रहेंगे। साथ ही अपने व्यवहार से ऐसे लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे, जो आपकी क्षमताओं से प्रभावित होकर आपके निवेशन के लिए मार रास्ते खोलेंगे। इस राशि के जो लोग दूर ध्यण ट्रेवेल का बिजनेस करते है

वृष राशि:आज आपका दिन खनदार रहेगा। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी की मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में सय देने से बचें। आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करेंगे तो आपके लिए बेहतर होगा। अगर आज पहले से ही हुई अनैन को वेलना चाह रहें है तो आपको इसमें सफलों पमाव होगा। इस राशि के जो लोग सोशल नेटवर्किंग से जुड़े है उनके लिए आज का दिन बढ़िया है।

मिथुन राशि:अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपका अलग व्यक्तित्व समाज में आपकी अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के टेलेंटवर के लिए आज का दिन यनकाम देने वाला है। जीनजनाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जाएंगे। आज आपको मुलाकात पुराने दोस्त से होगी।

कर्क राशि:आज का दिन आपको अपने काम को बेहतर ढंग से करने के लिए शुभ है। आज कार्य की सफलता के लिए काम के तरीकों में बदलाव की जरूरत है, जिससे आपको काम जल्द होने और आपको राहत महसूस होगी। इस राशि के जो लोग सिगिंग के सीर्यनि है उनके लिए आज का दिन बेहतरीन है आज किसी से मने का ओफर मिलेगा।

सिंह राशि:आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम से खुश होकर आपको ईनाम स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट करेंगे। हो सकता है कि आपका प्रमोशन भी हो जाए। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज अपने तजर्बेद के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। इस राशि के फैशीऐडेंटर के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। अरली जॉब लगाने की सम्भावना बन रही है।

कन्या राशि:आज आपके मन में नए- नए विचार आएंगे। आपको नए विचारों से आपके आस-पास के लोग प्रभावित होंगे। साथ ही आपकी सहायता करेंगे। यदि आप खुद नया करने के लिए सोच रहे हैं, तो नया वर्कप्लेस और तालमेल बिठाने का प्रयास करें। जीवनसाथी का सहयोग आज आपको वामों में सरगाह सम्मिल होगा। आज आपको घर में किसी दूर के रिश्तेदारों के आने से घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। लगभग आज साथ में लंच करने जाएंगे।

तुला राशि:आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप बहुत सरलता से घर के काम बिना थकान के पूरा करेंगे। बेहतर परिणामों के लिए खुद पर भरोसा रखें। साथ ही अपना व्यवहार कार्यों के प्रति अनुकूल बनाए रखें। इस राशि के जो लोग प्राइवेट नौकरी करते है आज वो थूरा ऐसा करेंगे जिससे लोगों को आराम मिल सके। परिवार में आज सुख राशि का माहौल रहेगा। साथ ही बच्चों की सफलता से आज खुद को गौरवान्वित महसूस करेंगे।

वृश्चिक राशि:अपने बढ़ने के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स की तरक्की में कई दिनों से आ रही रुकावटें आज दूर हो जाएंगी। साथ ही पहले से बनाई हुई योजनाएं आज पूरी हो जाएंगी। इस राशि के बिल्डर्स के लिए आज का दिन शुभ है। आज यनकाम होगा साथ ही नया वर्कप्लेस भी मिल सकता है। आज जीवनसाथी के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। जिससे दोनों के रिश्तों में मिठास बढ़ेगी।

धनु राशि:आज आपको नए कार्यों की शुरुआत पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। अगर आप नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा है। साथ ही अधूरों का ध्यान रखें और उनको हाथ से जाने न दें। इस राशि के आफिटरेक्ट क्षेत्र से जुड़े लोगों के लाईफ में आने वाली समस्याएं सहजता से हल होंगी। साथ ही आपको अच्छे परिणामों की प्राप्ति होगी।

मकर राशि:आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी आपको सोंपी गए जाएगी। आज आपके सामने आपकी सभी सुनीतियां या डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता आपके कदम चूमेगी। इस राशि के ड्रग्स सर्जनरों के लिए आज का दिन यनकाम देने वाला है। काम को बढ़ाने से यन लाभ में वाफयी इजाफा होगा।

कुंभ राशि:आज का दिन आपके लिए शुभनुमा रहेगा। आज आप जिन कार्यों को पूरा करने का प्रयास कई दिनों से कर रहे हैं, उन्हें पूरा करने में सफल होंगे। अगर आपका काम काफ्त का तरीका सही है तो आपको अपनी कामयाबी हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता है।

मीन राशि:आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपकी सारी इच्छाएं पूरी होंगी। इस राशि के इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। आगे बढ़ने के लिए आपके पास बेहतर डिग्री और विषयन्य प्रकाश्य रहेंगे। आज रोजगार में परिवर्तन होने की सम्भावना है। इस राशि के जो लोग अविवाहित है उनके लिए आज सादी का एक बढ़िया ऑफर आएगा। साथ ही अपने परिवार और मित्रों से बहुत अच्छा तालमेल और भाईचारा रहेगा।

स्वच्छ भारत अभियान का एक दशक

//उमेश चतुर्वेदी//

स्वच्छ भारत अभियान के एक दशक पूरे हो गए हैं। इस दौरान स्व'छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। ऐसा नहीं कि भारत में स्वच्छता की अवधारणा नहीं रही है। भारत के प्राचीन ग्रंथ,सामाजिक व्यवस्था और मंदिर संस्कृति की परंपराएं स्वच्छता की भारतीय धारा की गवाह हैं। साल 1901 के कोलकाता के कांग्रेस अधिवेशन में दक्षिण अफ्रीका से हिस्सा लेने पहुंचे गांधी को अजीब अनुभव हुआ। प्रतिनिधियों को ठहरने वाले शिविर में सफाई की हालत बेहद खराब थी। कई प्रतिनिधि ऐसे थे, जिन्होंने उन कमरों के बाहर बने बरामदे का ही शौचालय के रूप में इस्तेमाल कर दिया। दुर्गंध और गंदगी के बावजूद दूसरे प्रतिनिधियों को इस पर कोई ऐतराज नहीं था। लेकिन गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। तब तक वे पश्चिमी वेशभूषा में रहते थे।

अधिवेशन में सहयोग के लिए तैनात स्वयंसेवकों से गांधी जी ने स्वच्छता की बाबत बात की, तो उन्होंने टका-सा जवाब दे दिया था, यह हमारा काम नहीं है, यह सफाईकर्मी का काम है। गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्होंने अपने कपड़े उतारे, झाड़ू मंगवाई और वहां मौजूद गंदगी साफ को साफ करने में जुट गए। सफाई के बाद वे फिर से कोट-पैंट में आ गए। भारतीय राजनीति में तब तक गांधी का सितारा बहुत नहीं चमक पाया था। लेकिन उन्होंने राजनीति की दुनिया में सफाई के विचार का बीज रोप दिया। कोलकाता अधिवेशन में दिखी गंदगी का ही असर कह सकते हैं कि बाद के दिनों में उन्होंने विचार दिया, स्वतंत्रता से ज्यादा जरूरी स्वच्छता है। गांधी के रचनात्मक शिष्यों यथा बिनोबा, ठक्कर बापा आदि ने स्वच्छता और सफाई के इस गुर को बहुत आगे बढ़ाया। लेकिन जिसे मुख्यधारा की राजनीति कहते हैं, उसने स्वच्छता के गांधीवादी दर्शन को उसी रूप में बाद में शायद ही स्वीकार किया। इन संदर्भों में देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले राजनेता हैं, जिन्होंने अहम जिम्मेदारी संभालते हुए स्वच्छता और शौचालय क्रांति की बात की। शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कोई प्रधानमंत्री लालकिले की प्राचीर से शौचालय क्रांति की बात करेगा। लेकिन मोदी ने ना सिर्फ शौचालय क्रांति की, बल्कि इसके डेढ़ महीने बाद गांधी जी की जयंती पर 2 अक्टूबर 2014 को खुद ही फावड़ा और झाड़ू उठा लिया। इसके साथ ही देश के सामने एक नया अभियान आया, 'स्वच्छ भारत अभियान' स्वच्छ भारत अभियान के एक दशक पूरे हो गए हैं। इस दौरान स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। ऐसा नहीं कि भारत में स्वच्छता की अवधारणा नहीं रही है। भारत के प्राचीन ग्रंथ,सामाजिक व्यवस्था और मंदिर संस्कृति की परंपराएं स्वच्छता की भारतीय धारा की गवाह हैं। यह कह सकते हैं कि बाद के दिनों में भारतीय स्वच्छता सिर्फ व्यक्तिगत स्वच्छता तक सीमित होकर रह गई थी। भारतीयों के एक बड़े वर्ग की सोच सफाई को लेकर ज्यादा निराली थी। शायद ही कोई भारतीय घर होगा, जहां रोजाना झाड़ू ना लगती हो। स्वच्छ भारत अभियान के पहले होता यह था कि झाड़ू लगती तो थी,लेकिन कूड़ा गली में या सड़क पर या सार्वजनिक जगहों पर फेंक दिया जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के शुरू करने के बाद इस सोच में बदलाव आया है। वैसे मानव स्वभाव कोई बिजली का बल्ब नहीं है कि बटन दबाया और जल या बुझ जाएगा। उसमें बदलाव आने में देर होती है। बदलाव को वह जल्दी से स्वीकार नहीं कर पाता। इसीलिए स्वच्छता के मोर्चे पर हम देखते हैं कि सौ प्रतिशत सफलता हासिल नहीं की जा सकी है। रेलवे लाइनों के किनारे पड़े कूड़े के अंबार अब भी बने हुए हैं। लेकिन स्वच्छ भारत अभियान के दस वर्षों में यह सोच जरूर विकसित हुई है कि निजी ही नहीं, सार्वजनिक स्वच्छता जरूरी है। नई पीढ़ी के बच्चे तो अब बड़े-बड़ों को सार्वजनिक गंदगी के लिए टोक देते हैं। स्वच्छता को लेकर महात्मा गांधी ने कहा था, मैं किसी को भी अपने दिमाग़ से गंदे पैर लेकर नहीं गुज़रने दूँगा। गांधी के इस दर्शन पर भी चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान शुरू करते हुए कहा था, न मैं गंदगी करूंगा, न मैं गंदगी करने दूंगा। सार्वजनिक समारोहों में उनकी यह सोच अक्सर परिलक्षित होती है। किताब आदि के विमोचन के दौरान रैपर आदि को वे मोड़कर अपनी जेब में रख लेते हैं। इससे देश के अधिसंख्य लोगों ने प्रेरणा ली है और उस पर अमल भी कर रहे हैं।स्वच्छता अभियान की सफलता ही कहेंगे कि देश के बारह करोड़ घरों में शौचालय बन चुके हैं। स्वच्छ भारत अभियान की एक दशक की यात्रा में न केवल शौचालय कवरेज में भारी वृद्धि हुई है, बल्कि खुले में शौच की कुप्रथा तकरीबन खत्म हो गयी है। स्वच्छता का मतलब सिर्फ सफाई ही नहीं, खाने-पीने की चीजें भी स्वच्छ होनी चाहिए। इस लिहाज से हर घर नल जल योजना को भी स्वच्छ भारत अभियान से जोड़ सकते हैं। जिसके तहत पाइप से स्वच्छ पानी की आपूर्ति की कवरेज दस सालों में 16 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत हो गई है। देश में धुएं के प्रदूषण से महिलाओं को रोजाना दो-चार होना पड़ता था। उज्ज्वला योजना के जरिए इस दिशा में स्वच्छ भारत अभियान को सफल कहा जा सकता है। इस योजना के तहत 11 करोड़ घरों में रसोई गैस का कनेक्शन पहुंच चुका है। स्वच्छ भारत अभियान से स्वास्थ्य के मोर्चे पर बड़ा बदलाव आया है। हालही में विश्व प्रसिद्ध पत्रिका नेचर में स्वच्छ भारत अभियान के बाद आए भारत में बदलावों के शोध पर आधारित एक लेख छपा था। इससे पता चलता है कि स्वच्छ भारत अभियान गेम चेंजर बन गया है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित आलेख कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के एक शोध पर आधारित है। जिससे पता चलता है कि खुले में शौच की कुरीति खत्म होने के बाद और शौचालय क्रांति से देश में शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। शोध पत्र में कहा गया है कि खुले में शौच की कुरीति के खत्म होने से हर वर्ष करीब 60 हजार से 70 हजार शिशुओं की मृत्यु को रोकने में सफलता मिली है। शोध पत्र के अनुसार, वर्ष 2000 से 2015 की तुलना में वर्ष 2015 और 2020 के बीच शिशु मृत्यु दर एक तिहाई रह गई...इसके आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2000 और 2015 के बीच शिशु मृत्यु दर में जहां तीन प्रतिशत वार्षिक की गिरावट रही, वहीं बाद में यह गिरावट आठ से नौ प्रतिशत ज्यादा हुई। इसी तरह 2000 और 2015 के बीच की तुलना में बाद के वर्षों में शिशु मृत्यु दर में 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। इस लेख मुताबिक, साल 2014 में शिशु मृत्यु दर जहां 39 अंक थी, वह साल 2020 में घटकर 28 रह गई। स्वच्छता अभियान की सफलता की कहानी विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट भी करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, स्वच्छता अभियान के चलते 2014 से 2019 के बीच डायरिया से होने वाली मौत के करीब तीन लाख मामले कम हुए, जो इसके पहले की अवधि में ज्यादा थे। इसी रिपोर्ट के मुताबिक, खुले में शौच की कुरीति खत्म होने से हर परिवार के स्वास्थ्य पर होने वाले करीब 50 हजार रूपए सालाना के खर्च की बचत हुई है। इसके साथ ही भूजल की गुणवत्ता भी पहले की तुलना में बेहतर हुई है। शौचालय क्रांति के चलते अब करीब 93 प्रतिशत महिलाएं अपने घरों में ज्यादा सुरक्षित महसूस करती हैं। क्योंकि अब उन्होंने शौच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ा। स्वच्छ भारत अभियान साल 2020 से संपूर्ण स्वच्छता अभियान में तब्दील किया जा चुका है। जिसके लिए एक लाख चालीस हजार करोड़ की रकम आवंटित की गई है। जाहिर है कि स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। लेकिन यह कहना अभी जल्दीबाजी होगी कि देश ने इस दिशा में सबकुछ हासिल कर ही लिया है। लेकिन अब भी देश के कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां का मानस सार्वजनिक स्वच्छता को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध और सचेत नहीं हो पाया है। जरूरी इस वर्ग को पूरी तरह प्रतिबद्ध और सचेत करना है। स्वच्छता में ढिलाई बरतने वाले तंत्र के दंडात्मक विधान की व्यवस्था करनी होगी, तभी आज का भारत प्राचीन भारत की तरह पूरी तरह स्वच्छ हो पाएगा।

सजा देने का काम पुलिस का नहीं

//अजीत द्विवेदी//

भारत में या किसी भी सभ्य समाज में मुठभेड़ में या पुलिस और न्यायिक हिरासत में आरोपियों या अपराधियों का भी मारा जाना समूची व्यवस्था के ऊपर धब्बा होता है। यह अपराध न्याय प्रणाली और समाज व्यवस्था पर कलंक है। किसी भी व्यक्ति के ऊपर आरोप चाहे जितने भी गंभीर हों लेकिन उसे सजा देने का काम पुलिस का नहीं है। उसे कानून के हिसाब से अदालत से सजा मिलेगी। पुलिस को न्याय करने का अधिकार नहीं है। और पुलिस की इन मासूम कहानियों का भी कोई अर्थ नहीं होता है कि हथकड़ी में बंद आरोपी ने पुलिस वालों से हथियार छीन लिए या भागने की कोशिश की और इस क्रम में पुलिस के हाथों मारा गया।

इस तरह की मनोहर कहानियां समूची न्याय व्यवस्था का मजाक उड़ाने वाली होती हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि अदालतें आमतौर पर इन कहानियों पर यकीन कर लेती हैं। यह अच्छा है कि महाराष्ट्र के बदलापुर में अक्षय शिंदे की इनकाउंटर में हुई हत्या की कहानी पर हाई कोर्ट को यकीन नहीं हुआ है। अदालत ने कहा है कि पुलिस की कहानी में इतने झोल हैं कि उस पर यकीन करना मुश्किल है। परंतु जब अदालतें पुलिस की कहानियों पर यकीन नहीं करती हैं तब भी थोड़ी बहुत फटकार या सख्ती के बाद बात आई गई हो जाती है।

इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस पहल नहीं होती है। ध्यान रहे भारत में फर्जी मुठभेड़ को अपराध और मौलिक अधिकार का उल्लंघन माना जाता है।लेकिन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के एक पुराने आंकड़े के मुताबिक 2002 से 2017 के बीच भारत में 1,728 फर्जी इनकाउंटर हुए थे।

बहरहाल, असली मुठभेड़ आतंकवादियों के साथ होती है या नक्सलियों के साथ होती है। असली मुठभेड़ दंतेवाड़ा में होती है, जहां बहादुर जवान जान गंवाते हैं। असली मुठभेड़ जम्मू कश्मीर में होती है, जहां इस साल जुलाई में 10 जवान शहीद हुए हैं। असली मुठभेड़ मुंबई पर हुए आतंकी हमले के समय हुई थी, जिसमें मुंबई पुलिस के अनेक डेकोरेटेड और जांबाज अधिकारी शहीद हुए थे। इस राज्य या उस राज्य की पुलिस जो मुठभेड़ करती है, जिसमें किसी पुलिस वाले की बांह में या किसी की जांघ में गोली लगती है वह आमतौर पर फर्जी होती है। अगर राज्यों की पुलिस की एसटीएफ या एटीएस के ये जवान इतने ही जांबाज हैं तो इनको तत्काल बस्तर और दंतेवाड़ा में या कश्मीर और मणिपुर भेजा जाना चाहिए।हकीकत यह है कि राज्यों में बनी ज्यादातर एसटीएफ या एटीएस का काम कानून व्यवस्था पर राज्य की सरकारों के लिए धारणा बनाने या धारणा को नियंत्रित करने का हो गया है। जब कानून व्यवस्था का सवाल उठता है और लोग नाराज होते हैं तो ये लोग कुछ आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराते हैं। इसके लिए उन्हें इनाम इकराम मिलते हैं। समाज में कुछ लोग इनके लिए तालियां बजाते हैं लेकिन उनको नहीं पता होता है कि वे एक भस्मासुर पैदा कर रहे हैं, जिसका शिकार वे खुद भी हो सकते हैं।बहरहाल, अभी देश मुठभेड़ की तीन घटनाओं को लेकर आंदोलित हैं। कहीं कहीं लोग रोमांचित भी हैं। लेकिन लोगों का क्या है! ये तीन प्रतिनिधि घटनाएं हैं। इनमें से एक उत्तर प्रदेश की घटना है, दूसरी महाराष्ट्र की है और तीसरी तमिलनाडु की है। यानी उत्तर, पश्चिम और दक्षिण भारत की एक जैसी कहानी है। उत्तर प्रदेश में कुछ दिन पहले एक डकैती हुई, जिसमें शामिल एक कथित आरोपी मंगेश यादव को यूपी पुलिस की एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया। मुठभेड़ के बाद की जो तस्वीरें मीडिया में आईं उसमें टीम का नेतृत्व करने वाले अधिकारी हवाई चप्पल में ही थे और किसी ने भी मुठभेड़ में पहनी जाने वाली कॉम्बैट ड्रेस नहीं पहनी थी। इसे लेकर खूब मजाक बना। लेकिन इस मुठभेड़ को लेकर राजनीतिक विवाद भी शुरू हो गया। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने मंगेश यादव की मौत का मामला उठाया और दूसरे आरोपी अनुज प्रताप सिंह के बच जाने का जिक्र किया। इसके बाद मीडिया में ठाकुरवाद बनाम यादववाद की बहस शुरू हुई। जब बहस बढ़ी तो पुलिस ने अनुज प्रताप सिंह को भी मार गिराया। इसके बाद बड़े बेशर्म तरीके से धारणा प्रबंधन का काम शुरू हो गया, जिसमें कहा जाने लगा कि इस राज में किसी जाति को नहीं बख्शा जाता है। इस प्रचार में दो बुनियादी गड़बड़ियां हैं। पहली तो यह कि किसी आरोपी को मार डालने का काम पुलिस का नहीं है और वह श्रेय नहीं ले सकती है कि उसने न्याय कर दिया, किसी को नहीं बख्शा। दूसरे, सरकार के बारे में धारणा प्रबंधन के लिए किसी की जान ले लेना, सभ्य समाज और लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं है, बल्कि शर्म की बात है।

दूसरी घटना महाराष्ट्र की है, जहां बदलापुर में नाबालिग बच्चियों से यौन दुर्व्यवहार करने वाले अक्षय शिंदे को राज्य पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। अक्षय शिंदे ठाणे पुलिस की क्राइम ब्रांच की हिरासत में था। उसके ऊपर अपनी पत्नी से बलात्कार का आरोप भी लगा था और उसकी जांच के सिलसिले में ठाणे पुलिस उसे लेकर बदलापुर गई। बाद में पुलिस ने कहा कि उसने पुलिस हिरासत से निकल कर भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग की, जिसमें एक जवान घायल हुआ। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने अक्षय शिंदे को मार गिराया। सोचें, इस कहानी में कितने झोल हैं।

सबसे पहले तो यह बात आती है कि चारों तरफ से पुलिस से घिरा कोई आरोपी क्यों भागने की जोखिम लेगा। दूसरे, हथकड़ी में बंधा आरोपी कैसे पुलिस से हथियार छीन लेगा और फायरिंग भी कर देगा। और सबसे अहम सवाल जो कई कोर्ट ने पूछा कि असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी को क्या नहीं पता है कि ऐसी स्थिति में पैर में गोली मारते हैं। आरोपी अक्षय शिंदे को एक ही गोली लगी है और वह भी सिर में!

कुछ दिन पहले ही उत्तराखंड पुलिस ने ऐसी ही मासूम कहानी सुनाई थी कि पुलिस से छूट कर आरोपी भागा और तालाब में डूब कर मर गया। उत्तर प्रदेश में भी एक आरोपी पुलिस की गिरफ्तार से छूट कर भागा था और तालाब में डूब कर मर गया था। सोचें, कहीं ऐसा होता है? लेकिन भारत में न सिर्फ होता है, बल्कि पुलिस की इन कहानियों को भरोसा भी कर लिया जाता है। अक्षय शिंदे के मामले में कहानी कुछ ज्यादा अविश्वसनीय हो गई तो सीआईडी की जांच बैठा दी गई, जो निश्चित रूप से मुठभेड़ को सही ठहराएगी। आम लोगों ने इस मौत पर खुशी मनाई और लड्डू बांटे तो अब उसके बाद क्या न्यायिक कार्रवाई होगी। लोगों ने फैसला सुना दिया। लोग भी हिंसक और कुछ हद तक जॉम्बी होते जा रहे हैं।

बहरहाल, तीसरी घटना तमिलनाडु के चेन्नई की है। चेन्नई में सीजिंग राजा नाम के एक आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। उसके ऊपर हत्या और हत्या के प्रयास सहित 30 मुकदमे थे और वह कई मामलों में वांछित था। उसके ऊपर बसपा के नेता आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या का भी आरोप लगा था। लेकिन बाद में पता चला था कि उसका उस घटना में हाथ नहीं है। सीजिंग राजा को आंध्र प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया था और चेन्नई पुलिस को सौंप दिया था। वह भी पुलिस की हिरासत में था। पुलिस ने वहां भी वही मासूम कहानी सुनाई कि उसने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की और पुलिस पर हमला किया और जवाबी कार्रवाई में मारा गया।सोचें, कितना सुविधाजनक तर्क है! इस तर्क से तो पुलिस किसी की हत्या कर सकती है फिर कानून के राज का क्या होगा। क्या सरकारों और अदालतों को यह बात समझ में नहीं आ रही है कि पुलिस जैसी संगठित फोर्स को अगर इस तरह की छूट मिलती रही और न्याय से बरसों, दशकों तक वंचित रहे नागरिक इसका समर्थन करते रहे तो आने वाले दिनों में कैसी भयावह स्थिति होगी। हम उस स्थिति तक पहुंचे उससे पहले इस तरह की घटनाओं को रोकना होगा।

तस्वीरों की दुनिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रोहतक में हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा उम्मीदवार रेणु डाबला के समर्थन में बराना गांव में एक जनसभा में भाग लिया।

भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में चुनावी बॉन्ड योजना के तहत कथित अवैध धन संग्रह को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ईतानगर में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आयोजित सीएसआर कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के साथ।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत में एक जनसभा को संबोधित किया।

एस जयशंकर की ड्रैगन को दो टूक, बोले- चीन ने भारत के साथ समझौतों का किया उल्लंघन

वाशिंगटन, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि चीन ने भारत के साथ सीमा समझौतों का उल्लंघन किया है। साथ ही कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव जारी रहने से शेष संबंधों पर स्वाभाविक रूप से असर पड़ेगा।अमेरिकी थिंक टैंक कारनेगी एनडोमेंट फार इंटरनेशनल पीस में एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री ने कहा, जहां तक चीन के साथ हमारे संबंधों की बात है तो यह एक लंबी कहानी है।

संक्षेप में कहें तो सीमा पर शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए हमारे बीच समझौते थे।चीन ने उनका उल्लंघन किया। हमने सेनाओं को अग्रिम मोर्चों पर तैनात कर रखा है और उससे तनाव पैदा हो रहा है। जब तक अग्रिम मोर्चों पर तैनाती का मसला नहीं सुलझता, तनाव बना रहेगा। अगर तनाव रहेगा तो बाकी रिश्तों पर भी स्वाभाविक रूप से असर पड़ेगा। व्यापार के संबंध में जयशंकर ने कहा, वैश्विक विनिर्माण (मैनुफैक्चरिंग) में चीन की हिस्सेदारी लगभग 31-32 प्रतिशत है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कई दशकों तक पश्चिम के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय कारोबार जगत ने आपसी हितों के लिए चीन के साथ सहयोग करने का चुनाव किया। आज किसी भी देश के लिए जो किसी भी तरह की खपत करता है या विनिर्माण करता है तो चीन से सोर्सिंग करना अपरिहार्य है। जयशंकर ने कहा कि भारत युद्धरत रूस और यूक्रेन के बीच संवाद स्थापित कर रहा है ताकि दोनों देशों को अपने मतभेद सुलझाने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति यह है कि हम इस बात में विश्वास नहीं करते कि विभिन्न देशों के बीच मतभेदों या विवादों का समाधान युद्ध से किया जा सकता है।दूसरा, युद्ध के मैदान में निर्णायक परिणाम हासिल नहीं किए जा सकते। तीसरा, अगर युद्ध से निर्णायक परिणाम नहीं मिल रहे हैं तो कभी न कभी किसी न किसी रूप में वार्ता करनी होगी। वार्ता होगी तो कुछ तैयारी, कुछ अन्वेषण और संबंधित पक्षों के बीच कुछ संवाद करना होगा। पश्चिम एशिया की स्थिति पर विदेश मंत्री ने कहा, हम संघर्ष के व्यापक होने की संभावना से बहुत चिंतित हैं, न सिर्फ जो लेबनान में हुआ, बल्कि हाउतियों एवं लाल सागर तक भी, और कुछ हद तक ईरान और इजरायल के बीच जो कुछ भी हुआ है। जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के एशियन-नाटो बनाने के विचार के बारे में जयशंकर ने कहा कि भारत उनके दृष्टिकोण से सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत कभी भी किसी देश का संधि के जरिये सहयोगी नहीं रहा है। भारत का इतिहास अलग है और दृष्टिकोण भी अलग है।

बिहार-बंगाल समेत 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को केंद्र ने दिए 5858 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। बाढ़ से हुए नुकसान से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने बिहार और पश्चिम बंगाल समेत 14 राज्यों को राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से 5,858 करोड़ रुपये की अग्रिम सहायता राशि जारी की गई है। असम, मिजोरम सहित कई राज्यों में केंद्रीय अंतर मंत्रालीय टीम द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा चुका है और जल्द ही टीम बिहार और पश्चिम बंगाल भी दौरा करेगी। अंतर मंत्रालीय टीम की रिपोर्ट मिलने के बाद अतिरिक्त सहायता राशि जारी की जाएगी। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लोगों की मुश्किलें कम करने में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

सीआरपीएफ में 217 सफाईकर्मियों, चपरासियों के आए अच्छे दिन, पहली बार मिला प्रमोशन

नईदिल्ली, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में कुल 217 कर्मचारियों को पहली बार पदोन्नति मिली है। ये कर्मचारी बल में सबसे निचली श्रेणी सफाईकर्मी और चपरासी के रूप में कार्यरत हैं। इन्हें नए

रैंक दिए गए हैं। दिल्ली स्थित मुख्यालय समेत बल के विभिन्न कार्यालयों में सोमवार को कर्मचारियों को रैंक देने के लिए समारोह आयोजित किया गया। सीआरपीएफ के महानिदेशक एडी सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कर्मचारियों की वर्दी पर रैंक लगाई और उन्हें बधाई दी। महानिदेशक ने कहा, सीआरपीएफ का प्रत्येक सदस्य चाहे वह किसी भी पद पर हो, हमारे देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में हमारे मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि 217 कर्मचारियों को कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस वर्ष की शुरुआत में केंद्र सरकार ने देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के 85 साल के इतिहास में पहली बार सफाईकर्मियों, रसोइयों और पानी देने वाले कर्मचारियों के रूप में कार्यरत 2600 कर्मचारियों को पदोन्नति देने की स्वीकृति दी थी।

दिल्ली-एनसीआर नहीं बनेगा गैस चैंबर! पराली को जलाने से रोकने के लिए उड़नदस्ते तैनात, 30 नवंबर तक रहेंगे एक्टिव

नईदिल्ली, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

पंजाब और हरियाणा में पराली को जलाने से रोकने के लिए पिछले सालों की तरह फिर बड़े-बड़े दावे व उपाय किए जाने लगे है। यह बात अलग है कि इसके बाद भी पिछले साल पंजाब और हरियाणा में पराली खूब जली थी। दोनों राज्यों में पराली जलने के करीब 40 हजार मामले रिपोर्ट हुए थे। बावजूद इसके केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के निर्देश पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने पराली को जलाने से रोकने के लिए इस बार फिर पंजाब और हरियाणा के 26 जिलों में उड़नदस्ते (फ्लाइंग स्क्वाड) की तैनाती दी है। इसमें राज्य और संबंधित जिलों के अधिकारी शामिल होंगे।दोनों राज्यों के यह सभी ऐसे जिले है जहां पिछले साल सर्वाधिक पराली जलाने की घटनाएं रिपोर्ट हुई है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक पंजाब-हरियाणा में तैनात किए गए इन दस्तों ने तत्काल प्रभाव से काम शुरू कर दिया है। जो इन सभी जिलों में 30 नवंबर तक काम करेगा।इस वोह वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने जल्द ही मोहाली और चंडीगढ़ में पराली के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रकोष्ठ गठित करने की भी जानकारी दी है। जो राज्य के कृषि विभाग सहित पराली प्रबंधन में लगी राज्य की एजेंसियों व उड़नदस्तों के बीच समन्वय का काम करेगा। पंजाब - अमृतसर, बरनाला, बटिंडा, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब, फज्जिका, फिरोजपुर, जालंधर, कपूरथला, लुधियाना, मांसा, मोगा, मुक्तसर, पटियाला, संगरूर और तरन तारण। हरियाणा- अंबाला, फतेहाबाद, हिसार, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, सिरसा, सोनीपत और यमुनागर।

भारतीय वायुसेना देश के दुश्मनों को उनके घर में मार गिराने में सक्षम, राजनाथ सिंह का बड़ा बयान

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि भारतीय वायुसेना दूर देश के दुश्मनों को उनके घर में मार गिराने में सक्षम है। राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नेशनल वार मेमोरियल में एक कार्यक्रम को संबोधित कर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण को मूर्तरूप देने की दिशा में सरकार ने अपनी पूरी प्रतिबद्धता दिखाई है। देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को भारतीय सेनाओं में भर्ती होकर अपनी सेवाएं देनी चाहिए, ताकि उनका जीवन देश की सेवा, शौर्य और गौरव से ओतप्रोत रहे। रक्षा मंत्री ने कठिन परिस्थितियों में वीरता, प्रतिबद्धता और देशभक्ति के साथ वायुसैनिकों की भारत माता की सेवाओं के लिए जोरशोर से प्रशंसा की। रक्षा मंत्रालय ने रक्षा मंत्री के हवाले से बताया कि भारतीय वायुसेना ने अपने देश और लोगों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली जमानत, ईडी से मांगा जवाब

नईदिल्ली, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

पैसे लेकर नौकरी देने से जुड़े मामले में बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ईडी से जवाब तलब किया। जस्टिस सूर्यकांत एवं जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यह निर्देश दिया। जुलाई, 2022 में ईडी ने पार्थ को पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) अध्यापक भर्ती घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने पूर्व में पार्थ के एक सहयोगी के घर से 21 करोड़ से अधिक की नकदी बरामद की थी।

इसी केस में ईडी द्वारा 21 जनवरी को गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता कुंतल घोष के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता की विशेष अदालत को उनकी जमानत याचिका पर जल्द फैसला करने का आदेश दिया है। घोष की याचिका पर शीर्ष अदालत ने जांच एजेंसी को नोटिस भी जारी किया और मामले की सुनवाई 17 अक्टूबर तक के लिए टाल दी। तृणमूल कांग्रेस नेता ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया है कि इस तथ्य के बावजूद नए जज उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करेंगे कि पूर्ववर्ती जज ने उनकी याचिका पर काफी हद तक सुनवाई कर ली थी।

उदयपुर में आदमखोर पैंथर का आतंक, गोली मारने के आदेश जारी

उदयपुर, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र में आदमखोर पैंथर के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताज़ा घटना में मंगलवार सुबह केलवो का खेड़ा गांव में एक महिला कमला कुंवर (55) की पैंथर ने गर्दन दबोचकर हत्या कर दी। महिला अपने घर के आंगन में काम कर रही थी, जब लेपर्ड ने उस पर हमला किया और उसे 100 मीटर तक घसीट कर ले गया।

ग्रामीणों के शोर मचाने पर पैंथर भाग खड़ा हुआ, लेकिन महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसके पहले, इसी थाना क्षेत्र में एक पुजारी विष्णु गिरी (65) की भी लेपर्ड ने हत्या कर दी थी।बीते 12 दिनों में 8 लोगों की मौत हो चुकी है, और प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद आदमखोर पैंथर को पकड़ा नहीं जा सका। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश के बाद मुख्य वन संरक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने पैंथर को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए हैं।वन विभाग ने अब तक चार लेपर्ड पकड़े हैं, जिनमें से दो के दांत टूटे और घिसे हुए थे, लेकिन हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-27 को जाम करने की कोशिश की, लेकिन एसपी योगेश गोयल की समझाइश के बाद स्थिति नियंत्रण में आई।

ग्रामीण महिला का शव उठाने से इनकार कर रहे हैं, जब तक लेपर्ड को मार नहीं दिया जाता। वन मंत्री संजय शर्मा ने दावा किया है कि सेना की मदद से आज शाम तक आदमखोर पैंथर को ढूंढकर मार दिया जाएगा।

श्री अन्न की खरीद खुद करेगी यूपी की योगी सरकार

प्रयागराज, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

प्रयागराज मंडल में मिलेट्स की खरीद के लिए बनाए गए 27 क्रय केंद्र,वआज एक अक्टूबर से शुरू हुई खरीद किसानों की सुविधा के लिए जारी किया गया टॉल फ्री नंबरप्रयागराज 01 अक्टूबर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की सरकार श्री अन्न की खेती के लिए निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। उत्पादन के बाद अब सरकार मोटे अनाज की खरीद भी करने जा रही है। वर्ष 2024- 25 के लिए मोटे अनाजों की खरीद पहली अक्टूबर से प्रारंभ होगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। प्रयागराज मंडल में इसके लिए शासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रयागराज के संभागीय खाद्य विपणन नियंत्रक बीसी गौतम के मुताबिक मंडल में श्री अन्न की खरीद के लिए 27 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। यहां एक अक्टूबर से खरीद शुरू हो जाएगी। इसमें प्रयागराज में 10, कौशांबी में 11 और 6 केंद्र बनाए गए हैं। मिलेट्स में बाजरा और ज्वार दोनो के लिए अलग से केंद्र बने है। मंडल में ज्वार के लिए कुल 16 और बाजरा के लिए 11 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। मोटे अनाज में शामिल बाजरा व ज्वार की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण व नवीनीकरण चल रहा है। इसके लिए किसानों को वेबसाइट या ऐप किसान मित्र पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। खरीद पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी। किसानों की समस्या के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 भी जारी किया गया है। इसके अलावा किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक से भी अपनी समस्याएं बता सकते हैं। श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया है। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2625 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार (हाइब्रिड) का 3371 व ज्वार (मालवांडी) का 3421 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। श्री अन्न को प्रोत्साहित करने की नीति के चलते प्रदेश में मोटे अनाज का उत्पादन भी बढ़ रहा है। संभागीय खाद्य विपणन नियंत्रक बताते हैं कि वर्ष 2023 - 24 में प्रयागराज मंडल में 147.66 मीट्रिक टन मोटे अनाज की खरीद की गई जिससे 1364 श्री अन्न उत्पादक किसानों को इसका लाभ मिला। मंडल में 146.45 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद हुई और इसकी खरीद से मंडल ने कुल 1344 श्री अन्न उत्पादक किसान लाभांवित हुए।

महिलाओं के लिए सरकार की बड़ी सौगात, पुलिस में मिलेगा 33 प्रतिशत आरक्षण, नोटिफिकेशन जारी

जयपुर, 02 अक्टूबर ।

राजस्थान सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस भर्ती में महिलाओं के लिए 33त्न आरक्षण की घोषणा की है। यह फैसला राज्य की महिलाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

राज्य सरकार ने राजस्थान पुलिस सबऑर्डिनेट सर्विस रूल्स 1989 में संशोधन करते हुए यह फैसला लिया है। इस संशोधन के अनुसार, पुलिस भर्ती में मिलने वाले कुल 33प्रतिशत आरक्षण में से एक तिहाई हिस्सा विधवा और विवाह विच्छिन्न महिलाओं को दिया जाएगा। इन दोनों श्रेणियों के बीच आरक्षण का अनुपात 80.20 होगा। यानी, विधवा महिलाओं को 80 प्रतिशत और विवाह विच्छिन्न महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि यदि विधवा और विवाह विच्छिन्न महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें खाली रह जाती हैं, तो उन्हें उसी श्रेणी की अन्य महिला उम्मीदवारों से भरा जाएगा। राज्य सरकार ने इसी महीने की शुरुआत में पुलिस भर्ती में महिलाओं को 33त्न आरक्षण देने का फैसला लिया था। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि इस साल एक लाख पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिलेगा।

गजब की ठगी, फर्जी सुप्रीम कोर्ट में कर दी सुनवाई, CJI बनकर नामी उद्योगपति को लगाई 7 करोड़ रुपये की चपत

नईदिल्ली, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ठग नए-नए पैंतरे आजमाकर कई बड़ी हस्तियों को भी अब अपने जाल में फंसा रहे हैं। ऐसी ही एक मामला हाल ही में सामने आया, जिसमें ठगों ने एक बड़े नामी कपड़ा उद्योगपति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनकर ही ठगी कर ली। दरअसल, दिग्गज उद्योगपति और वर्धमान समूह के चेयरमैन एसपी ओसवाल ने साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। ओसवाल ने खुलासा किया कि अपराधियों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नाम से एक व्यक्ति की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट में फर्जी सुनवाई आयोजित की।

रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, धोखेबाजों ने ओसवाल से 7 करोड़ रुपये ठग लिए, उन्हें कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक फर्जी अदालती कार्यवाही में शामिल होने के लिए कहा और उन्हें एक खाते में धन जमा करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट के अनुसार, ओसवाल ने पंजाब पुलिस को इस मामले में शिकायत दर्ज की है। उन्होंने बताया कि ठगों ने अदालत की सुनवाई के संबंध में स्काइप कॉल की और कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार उन्हें अपने सभी फंड एक गुप्त निगरानी खाते में जमा करने होंगे।

ओसवाल ने बताया, स्काइप के जरिए सुप्रीम कोर्ट की फर्जी सुनवाई के दौरान, उन्होंने फर्जी जज को जस्टिस चंद्रचूड़ के रूप में पेश किया, हालांकि मैं उनका चेहरा नहीं देख पाया। लेकिन मैं उन्हें बात करते और मेज पर हथौड़ा मारते हुए सुन सकता था। सुप्रीम कोर्ट का लिखित आदेश इतना स्टीक और मुहरबंद था कि मुझे लगा कि यह असली है और मैंने पैसे ट्रांसफर कर दिए।

बलिया में ट्रेन से पत्थर टकराने की घटना के बाद रेलवे ने बढ़ाई सुरक्षा, जागरूकता अभियान पर जोर

बलिया 2 अक्टूबर । बकुल्हा-मांझी रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से पत्थर टकराने की घटना के बाद रेलवे की सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। रेलवे ने ट्रैक की निगरानी बढ़ा दी है और आसपास के लोगों को भी इस बारे में जागरूक किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाने की साजिशों के मद्देनजर रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता को और कड़ा कर दिया है। बलिया में लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस ट्रेन से पत्थर टकराने की घटना के बाद अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

डॉ. के. ए. पॉल ने तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम लड्डू प्रसादम की पवित्रता की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में दायर की जनहित याचिका

नईदिल्ली, 02 अक्टूबर [एजेंसी]।

डॉ. के. ए. पॉल, जो एक विश्वविख्यात शांति दूत और ग्लोबल पीस इनिशिएटिव के अध्यक्ष हैं, ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम में वितरित होने वाले लड्डू प्रसादम के बारे में सीबीआई द्वारा जांच की मांग करते हुए एक जनहित याचिका दायर की है।याचिका में लड्डू प्रसादम की गुणवत्ता और स्वच्छता में कथित गिरावट को लेकर व्यापक चिंताओं को उजागर किया गया है, जो लाखों भक्तों के लिए पवित्र है। राजनीतिक हस्तक्षेप, खरीद में भ्रष्टाचार, और वितरण में पक्षपात की खबरों ने डॉ. पॉल को लाखों लोगों की धार्मिक भावनाओं, आस्था की रक्षा करने और हिंदुओं, ईसाइयों, मुसलमानों की रक्षा करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए प्रेरित किया, जो सीएम चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण द्वारा दिए गए गलत बयानों से पैदा की गई अराजकता से प्रभावित हैं। मुख्य मुद्दे-मिलावट और गुणवत्ता से समझौता मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा लड्डू प्रसादम की तैयारी में घटिया सामग्री, विशेष रूप से मिलावटी घी का उपयोग करने के आरोपों ने भक्तों के बीच गंभीर चिंताएं पैदा की हैं और इस पवित्र प्रसाद की पवित्रता पर सवाल उठाया है।

याचिका में विस्तार से बताया गया है कि राजनीतिक रूप से जुड़े लोग कथित रूप से सामग्री की आपूर्ति के लिए ऊंचे अनुबंधों से लाभान्वित होते हैं, जिससे लड्डू प्रसादम की गुणवत्ता प्रभावित होती है। याचिका में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव और मौलिक धार्मिक अधिकारों के उल्लंघन पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 का हवाला दिया गया है, जो धर्म का पालन और प्रचार करने की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। डॉ. पॉल ने लड्डू प्रसादम की खरीद और तैयारी में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के आरोपों की केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा व्यापक जांच की मांग की है। याचिका के बारे में डॉ. पॉल ने बताया, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम दुनिया भर के हिंदुओं के लिए सबसे बड़े स्थलों में से एक है। लड्डू प्रसादम का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व बहुत अधिक है। इसकी पवित्रता से समझौता लाखों भक्तों को प्रभावित करता है और इस संस्थान की प्रतिष्ठा को भी धूमिल करता है। मैंने भक्तों के हित में यह याचिका दायर की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राजनीतिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार हमारे पवित्र परंपराओं को कमजोर न करें। पीआईएल में एक महत्वपूर्ण बात जोड़ते हुए डॉ. पॉल ने तिरुपति-तिरुमाला क्षेत्र को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने या इसे वेटिकन सिटी की तरह एक संप्रभु धार्मिक राज्य के रूप में मान्यता देने का प्रस्ताव भी रखा है।उनका तर्क है कि इससे मंदिर की पवित्रता की रक्षा और उचित प्रबंधन सुनिश्चित होगा और इसे राजनीतिक हस्तक्षेप से बचाया जा सकेगा। सर्वोच्च न्यायालय के अगले कुछ हफ्तों में इस मामले पर सुनवाई किए जाने की उम्मीद है और डॉ. पॉल को आशा है कि इसका जल्द समाधान होगा।

दिल्ली इंडस्ट्रीज ने लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड में बदलाव की मांग की

नई दिल्ली। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के दिल्ली चैप्टर की कार्यकारी समिति ने 30 सितंबर को झंडेवालान मुख्यालय में एक बैठक की, जहां सदस्यों ने दिल्ली सरकार, दिल्ली के उपराज्यपाल और भारत सरकार से दिल्ली की औद्योगिक इकाइयों के लिए फ्रीहोल्ड नीति लागू करने का आग्रह किया। दिल्ली चैप्टर की चेयरपर्सन डॉ. ममता ने बताया कि दिल्ली में 29 अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र हैं। 2005 में लीजहोल्ड औद्योगिक संपत्तियों को फ्रीहोल्ड में बदलने के लिए एक योजना पेश की गई थी, लेकिन कुछ ही लोगों को इसका लाभ मिला है। सरकारी निकाय जैसे डीडीए, डीएसआईआईडीसी और उद्योग विभाग ने इस नीति को चुनिंदा रूप से लागू किया है, जिससे कई औद्योगिक इकाइयां अभी भी फ्रीहोल्ड स्थिति से वंचित हैं।

डॉ. ममता ने जोर देकर कहा कि लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड में बदलाव इन क्षेत्रों की आर्थिक संभावनाओं को उजागर करने के लिए महत्वपूर्ण है। इससे अधिक निवेश आकर्षित होगा और भारत को 2025 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। व्यावसायिक वृद्धि फ्रीहोल्ड स्वामित्व औद्योगिक इकाइयों को बिना लीज समझौतों की बाधाओं के विकास, नवाचार और नई तकनीकों में निवेश करने की अधिक स्वतंत्रता देगा।फ्रीहोल्ड संपत्तियों को बैंकों द्वारा अधिक मूल्यवान माना जाता है, जिससे व्यवसायों के लिए ऋण प्राप्त करना और निवेशकों को आकर्षित करना आसान होगा।

आईफा उत्सवम में अवार्ड पाने वाली मृणाल ठाकुर ने कहा, यह मेरी पूरी टीम की जीत है

हाय नन्ना, लस्ट स्टोरीज 2, सीता रममम और कई अन्य फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं।

अभिनेत्री ने हिट फिल्म 'हाय नन्ना' में यशना की भूमिका के लिए आईफा में ट्रॉफी जीती है।

मृणाल ने कहा, मैं इस अवॉर्ड के लिए बहुत आभारी हूं। मेरे लिए यशना की भूमिका निभाना वास्तव में एक खास अनुभव था, जिसने मुझे प्यार और भावना की गहराई के बारे में जानने का मौका दिया। मैं अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने निर्देशक, प्रतिभाशाली सह-कलाकारों और पूरी टीम को देती हूं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है। यह हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है।

उन्होंने आगे कहा, मैं इस सफर को जारी रखते हुए दर्शकों के साथ और भी बेहतर कहानियां शेयर करने के लिए तैयार हूं। यह मेरा पहला आईफा अवार्ड है। इस अवॉर्ड को रानी मैम और ऐश्वर्या मैम जैसे कलाकारों के साथ शेयर करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

मृणाल के दिल को छू लेने वाले अभिनय ने उनके प्रशंसकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है। जटिल किरदारों में अच्छे से फिट होने की उनकी क्षमता ने उन्हें इंडस्ट्री की खास अभिनेत्रियों में से एक बना दिया है।

मृणाल की आने वाली फिल्मों पर एक नजर डाले तो वह बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन के साथ अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है। उनके पास 'पूजा मेरी जान' और वरुण धवन के साथ डेविड धवन की एक कॉमेडी फिल्म भी पाइपलाइन में है।

कृति सेनन ने थाई हाई स्लिग गाउन पहन गिराई बिजली एक्ट्रेस के किलर पोज फैंस को बना रहे दीवाना

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कृति सेनन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद आकर्षक तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक ग्रे ऑफ-शोल्डर थाई हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं. कृति के इस लुक ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है और उनके किलर पोज ने फैंस को दीवाना बना दिया है. कृति ने अपने इस शानदार लुक के साथ ग्लोइंग मेकअप किया है, जो उनकी खूबसूरती को और भी बढ़ा रहा है. खुले बालों के साथ पहना गया नेकलेस उनके इस लुक को और अधिक आकर्षक बनाता है.

कृति सेनन ने यह लुक आईफा पुरस्कार 2024 के लिए अपनाया था, जहां उन्होंने अपने अंदाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं और फैंस उनकी स्टाइल और कॉन्फिडेंस की तारीफ कर रहे हैं.

हाल ही में, कृति सनोन को फिल्म क्रू में उनके बेहतरीन अभिनय के लिए आलोचकों की प्रशंसा मिली। एक अभिनेत्री के रूप में उनकी प्रतिभा और बहुमुखी प्रतिभा, उनकी स्टाइल की गहरी समझ के साथ मिलकर, उन्हें मनोरंजन उद्योग में एक प्रिय व्यक्ति बनाती है।

कृति सनोन के आईफा अवार्ड्स लुक ने काफी चर्चा बटोरी है, फैशन के दीवाने और प्रशंसक उनके बोल्ड और एलिगेंट चॉइस की तारीफ कर रहे हैं। अपने अभिनय कौशल और फैशन सेंस से प्रभावित करने के साथ ही, कृति बॉलीवुड में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली स्टार्स में से एक बनी हुई हैं।

अगर आप भी करते हैं विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल तो आज ही हो जाएं सावधान, हो सकते हैं ये बड़े नुकसान

आजकल लोग अपनी स्किन को सुंदर और जवां बनाने के लिए तरह-तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं. जिनमें से एक विटामिन ई की कैप्सूल भी हैं, जिसे लोग अपने चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए करते हैं. बता दें कि विटामिन ई के कैप्सूल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी स्किन संबंधी प्रॉब्लम्स को दूर करने में मदद करता है. इसमें कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से होने वाले स्किन डैमेज और स्किन को रिपेयर करती है. लेकिन क्या आप जानते हैं, जिसे आप अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, वहीं आपके स्किन को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं. तो आइए यहां जानें विटामिन ई कैप्सूल के इस्तेमाल करने के फायदे और नुकसान के बारे में.

विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल कितना फायदेमंद- स्किन एक्पर्ट्स का मानना है विटामिन ई स्किन के लिए काफी फायदेमंद है, लेकिन अगर आप विटामिन ई के कैप्सूल को अपने चेहरे पर लगाते हैं, तो इसका कोई खास फायदा नहीं है.बता दें कि विटामिन ई के स्किन केयर प्रोडक्टस में सॉल्वेंट और इमल्सीफायर का मिश्रण होता है, इन्हीं की मदद से विटामिन ई चेहरे में समाता है. इसलिए सिर्फ विटामिन ई के कैप्सूल को चेहरे पर इस्तेमाल करने से कोई फायदा नहीं है. इस पर एक्पर्ट्स्स का कहना है कि विटामिन ई के कैप्सूल स्किन को कई बार नुकसान भी पहुंचा सकते हैं. कई बार इससे स्किन में जलन और एलर्जी जैसी चीजें भी होने लगती है. विटामिन ई कैप्सूल के कारण स्किन का रंग काला पड़ सकता है. सेंसिटिव स्किन वालों को इसका खासकर ध्यान रखना है.

विटामिन ई कैप्सूल के नुकसान

जानकारी के मुताबिक इन कैप्सूल में मौजूद विटामिन ई बहुत ही ज्यादा गाढ़ा और ऑयल सॉल्युबल होता है. इससे चेहरे पर कील-मुंहासों समेत कई कई समस्यएं हो सकती है. इसलिए स्किन एक्सपर्ट चेहरे पर डायरेक्ट विटामिन ई के कैप्सूल अप्लाई करने की सलाह नहीं देते हैं. ऐसे में अगर आपको इसकी जरूरत महसूस हो रही है तो आप विटामिन ई के कैप्सूल की जगह विटामिन ई के कोई और प्रोडक्ट्स यूज कर सकते हैं. वैसे तो चेहरे की समस्या को नेचुरली तरीके से और लाइफस्टाइल में सुधार करके दूर किया जा सकता है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अगर आपको विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल करना है तो सबसे पहले इसका पैच टेस्ट जरूर करें. पैच टेस्ट करने के बाद अगर इसके इस्तेमाल से आपकी स्किन पर कोई गलत असर दिखाई दे रहा है, तो इसके इस्तेमाल से बचें. औरअगर आपको इसके इस्तेमाल से कोई परेशानी नहीं हो रही है तो आप इस्तेमाल कर सकते हैं. साथ ही इसके इस्तेमाल से पहले किसी एक्पर्ट्स्स से संपर्क जरूर करें.

7वें वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी स्त्री 2, तोड़ा आरआरआर और बाहुबली 2 का रिकॉर्ड

अमर कौशिक निर्देशित फिल्म 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर बिल्कुल भी रूकने का नाम नहीं ले रही है. इस फिल्म को रिलीज हुए डेढ़ महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन ये बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ ढीली करने को तैयार नहीं है. यहां तक कि अब तो सिनेमाघरों में जूनियर एनटीआर की देवरा भी रिलीज हो चुकी है लेकिन 'स्त्री 2' पर इसका भी कोई असर नहीं पड़ा है और इसने सातवें वीकेंड पर भी ताबड़तोड़ कमाई की है.

हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. तब से ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुंडली जमाए बैठी है. इस बीच कई फिल्में आई और चली भी गई लेकिन स्त्री 2 को कोई टस से मस नहीं कर पाया.

स्त्री 2 अपनी रिलीज से लेकर अब तक तमाम फिल्मों को धूल चटा चुकी है. साल 2024 की सबसे बड़ी हिट फिल्म बन चुकी स्त्री 2 ने शाहरुख खान की जवान के हिंदी में लाइफाइम कलेक्शन को भी मात दे दी थी और ये हिंदी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बन चुकी है.

वहीं स्त्री 2 को अब सिनेमाघरों में धमाल मचाते हुए डेढ़ महीने से ज्यादा हो गया है और हैरानी की बात ये है कि सातवें वीकेंड पर भी फिल्म ने करोड़ों में कमाई की और नया रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया.बता दें कि अपने 7वें वीकेंड पर 'स्त्री 2' ने एसएस राजामौली-प्रभास की बाहुबली 2 और एसएस राजामौली-राम चरण-जूनियर एनटीआर की आरआरआर को पछाड़ते हुए सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.'स्त्री 2' के कलेक्शन की बात करें तो तरण आदर्श द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने पहले हफ्ते में 307.80 करोड़, दूसरे हफ्ते में 145.80 करोड़, तीसरे हफ्ते में 72.83 करोड़, चौथे हफ्ते में 37.75 करोड़, पांचवें हफ्ते में 25.72 करोड़ का कारोबार और छठे हफ्ते में 19.72 करोड़ रुपये की कमाई की. वहीं अब ये फिल्में सातवें हफ्ते में पहुंच चुकी है. जहां सातवें फ्राइडे फिल्म ने 1.09 करोड़ कमाए तो सातवें शनिवार फिल्म का कलेक्शन 2.20 करोड़ रुपये रहा.

वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'स्त्री 2' ने रिलीज के सातवें संडे यानी 47वें दिन 2.65 करोड़ का कलेक्शन किया है.इसी के साथ 'स्त्री 2' की सातवें वीकेंड पर कुल कमाई 5.75 करोड़ से ज्यादा रही और 47 दिनों की कुल कमाई अब 615.56 करोड़ हो गई है.

वहीं 'स्त्री 2' की तुलना में कई सबसे बड़ी फिल्मों का 7वां वीकेंड बहुत फीका रहा, चाहे वह प्रभास स्टारर बाहुबली 2- द कन्क्लूजन हो. इस फिलम ने अपने 7वें सप्ताह में सिर्फ 5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था

जबकि जूनियर एनटीआर और राम चरण की आरआरआर ने इसी पीरियड में 4.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था.वहीं यश की केजीएफ 2 ने 1.94 करोड़ की कमाई की थी.स्त्री 2 दिनेश विजान की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है. फिल्म में अक्षय कुमार, वरुण धवन और तमन्ना भाटिया ने कैमियो किया है. वहीं श्रद्धा कपूर और राजकुमार के अलावा फिल्म में अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और पंकज त्रिपाठी ने भी अहम रोल प्ले किया है.

अनन्या पांडे की अपकमिंग फिल्म सीटीआरएल का ट्रेलर रिलीज

डायरेक्टर विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्म सीटीआरएल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में अनन्या पांडे लीड रोल में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर जबरदस्त है और भविष्य में सेंध लगाने की कोशिश करता है। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। रिलीज से पहले ही ट्रेलर में अनन्या पांडे की एक्टिंग की जमकर तारीफ हो रही है। अनन्या के साथ फिल्म में लीड रोल निभाने वाले विहान समत और देविका वस्ता शामिल हैं। फिल्म 4 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प नजर आ रही है। ट्रेलर में इसकी झलकियां भी दिखाई गई हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनन्या पांडे अपनी जिंदगी काफी खुशहाल तरीके से जी रही होती हैं। इसी दौरान अनन्या का किरदार एक सोशल मीडिया एप पर जाता है और खुशी के पल शेयर करता है। लेकिन इसी बीच अनन्या को प्यार में धोखा मिलता है।

अगर आप भी है आइसक्रीम खाने के शौकीन, तो यहां जान लें इसके फायदे और नुकसान

गर्मियों के मौसम में हम सभी को आइसक्रीम खाना काफी पसंद होता है. अक्सर आपने सुना होगा कि ज्यादा गर्मी होने पर लोग आइसक्रीम खाने की इच्छा जाहीर करते है. ऐसे में लोगों का मानना है कि आइसक्रीम हमें गर्मी से बचाते हैं. बच्चे हों या बड़े आइसक्रीम खाना सभी को पसंद होते है. लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि जिसे आप मजे से खा रहे हैं वो आपकी सेहत के लिए कितना नुकसानदायक है बता दें कि आइसक्रीम को पिजर्व रखने के लिए इसमें कई तरह के हानिकारक केमिकल्स मिलाए जाते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य को बिगाड़ने का काम करते हैं. शरीर को ठंडा रखती है और गर्मी से राहत देती है. जानकारी के अनुसार आइसक्रीम में शुगर और कैलोरी की मात्रा होती है, जो आपको इर्स्टेंट ऊर्जा प्रदान कर सकती है. ये थकान दूर करने में भी मदद करती है. आइसक्रीम की कई सारी फ्लेवर्स आती है, जिसके कारण लोग इसे अपनी पसंद के अनुसार लोग खाते हैं. और अपने पसंद के चीजों के खाने का स्वाद अलग ही होता है. ये बच्चों और बड़ों दोनों के लिए एक पसंदीदा डेसर्ट है. कई लोगों का मानना है कि आइसक्रीम खाने से स्ट्रेस कम होता है. इससे मस्तिष्क में एंडोर्फिन रिलीज होती है जो हमारे मूड को बेहतर बनाती है. आइसक्रीम में अधिक कैलोरी होती है, और इसका अधिक सेवन करने से वजन बढ़ सकता है. ये मोटापे का कारण बन सकता है. दांतों की समस्या आइसक्रीम में शुगर की मात्रा अधिक होती है, जो दांतों में कैविटी और अन्य समस्याओं का कारण बन सकती है. जरूरत से ज्यादा आइस्क्रीम का सेवन हार्ट अटैक के मरीजों के लिए नुकसानदायक है. क्योंकि इसे पिजर्व रखने के लिए इसमें कई तरह के हानिकारक केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है, जो हार्ट के लिए काफी हानिकारक है. जानकारी के अनुसार आइसक्रीम खाने से पाचन की समस्या हो सकती है. अगर आपको पाचन संबंधी समस्या है तो आप आइसक्रीम खाने से परहेज करें.

शब्द सामर्थ्य -195

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. रमणा, जरावरी 18. अश्लील, बेहूदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बच्चाय, छिपाजल 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. सरबुद 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रखवाला, रखवार 11. सां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 194 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	था	द	ख	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	भा	न					आ
था			मि	थु	न		दा	स
ह	था	ला	त		सी	ता		पा
	न				ख	क	खा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		ख	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

रजनीकांत की वेट्टैयन के ट्रेलर की रिलीज डेट आउट, फिल्म से आया थलाइवा का धांसु पोस्टर

साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की वेट्टैयन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस बीच मेकर्स ने ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है जिससे फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है. मेकर्स ने हाल ही में सोशल मीडिया पर बताया कि फिल्म का ट्रेलर कब रिलीज होने जा रहा है. लाइका प्रोडक्शन ने हाल ही में एक नए पोस्टर के साथ वेट्टैयन के ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस की. पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा- द टारगेट इज सेट, द वेट्टैयन का ट्रेलर 2 अक्टूबर को आ रहा है. शिकार को पकड़ने के लिए तैयार हो जाओ. वेट्टैयन 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ में रिलीज होगी. हाल ही में वेट्टैयन का प्रीव्यू लॉन्च हुआ जिसे फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. वेट्टैयन के प्रीव्यू में रजनीकांत स्वैग में नजर आ रहे हैं उन्हें फुल एक्शन मोड़ में देखा जा सकता है. वहीं बिग बी का स्क्रीन प्रेजेंस भी कमाल का है. प्रीव्यू में बिग बी पुलिस की ओर से है वहीं रजनीकांत को आखिरी में पुलिस की वर्दी में देखा जा सकता है लेकिन अभी अंदाजा लगाना मुश्किल है कि रजनीकांत का रोल क्या है. हालांकि बिग बी की रजनीकांत से टक्कर तो तय है. वहीं फहद फासिल, राणा दग्गूबाती, मंजू वॉरियर की झलक भी प्रीव्यू में देखी गई. वेट्टैयन एक एक्शन ड्रामा है, जिसे कूटाथिल ओरुथन और जय भीम फेम टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है. फिल्म की कहानी बी किरथिका ने लिखी है. वेट्टैयन फिल्म में रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, फहद फासिल, राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, रितिका सिंह, दुशरा विजयन, रोहिणी, राव रमेश और रमेश थिलक जैसे कलाकार खास रोल में हैं. लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा तैयार किया गया है.

गेम चेंजर का दूसरा गाना रा मचा-मचा रिलीज आरआरआर स्टार राम चरण का दिखा एनर्जेटिक स्वैग

राम चरण और कियारा आडवाणी स्टारर अपकमिंग पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म गेम चेंजर का दूसरा गाना रा मचा-मचा रिलीज हो गया है. गाने में राम चरण का एनर्जेटिक अंदाज दिख रहा है. इससे पहले फिल्म का पहला गाना जारागंडी रिलीज हुआ था. अब राम चरण के फैंस के बीच फिल्म गेम चेंजर का नया गाना रा मचा मचा धूम मचा रहा है. रा मचा मचा को सिंगर नकाश अजीज ने गाया है. गाने में थामन.एस का संगीत है और इसके बोल अनंत श्रीराम ने लिखे हैं. गाने रा मचा मचा में राम चरण की फूल एनर्जी दिख रही है. राम चरण ने स्काई रंग शर्ट पर लाइट ग्रे रंग की पैंट हुई है. पॉपुलर कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने गाने को कोरियोग्राफ किया है. गाना फिलहाल तेलुगू भाषा में रिलीज हुआ है. अपरिचीत, रोबोट और इंडियन 2 जैसी फिल्मों के डायरेक्टर शंकर ने फिल्म गेम चेंजर को डायरेक्ट किया है. फिल्म का बजट 450 करोड़ रुपये हैं. फिल्म को दिल राजू और शिरिष ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म गेम चेंजर में राम चरण आईएएस राम चंदर का रोल प्ले करेंगे. फिल्म में अंजली, कियारा आडवाणी, जयराम, सुनील, एस जे सूर्या, प्रकाश राज और मुरली शर्मा समेत कई स्टार्स नजर आने वाले हैं. गेम चेंजर की कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है. फिल्म आईएएस बन राम चरण चुनावों में होने वाले करप्शन पर लगाम लगाते दिखेंगे और निष्पक्ष चुनाव होने का दावा करेंगे. फिल्म गेम चेंजर पर साल 2021 से काम चल रहा है. आरआरआर की शूटिंग निपटाने के बाद से राम चरण फिल्म गेम चेंजर पर काम कर रहे थे।

रोमांटिक कॉमेडी फिल्म अमर प्रेम की प्रेम कहानी का ट्रेलर जारी

सनी सिंह, आदित्य सील और प्रनूतन बहल अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी अमर प्रेम की प्रेम कहानी के निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर में अमर (सनी सिंह) के जीवन की एक झलक दिखाई गई है, जो अपनी कामुकता का पता चलने पर सामाजिक अपेक्षाओं से घुटन महसूस करता है। ट्रेलर से साफ हो रहा है कि फिल्म का उद्देश्य समाज को एक अहम संदेश देना है। फिल्म रूढ़िवादिता को तोड़ने की कोशिश करती है।

अमर प्रेम की प्रेम कहानी का ट्रेलर जारी करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, रूढ़िवादिता को तोड़ने का समय। ये प्रेम कहानी आपके होश उड़ाने के लिए आ रही है। अमर प्रेम की प्रेम कहानी, स्ट्रीमिंग 4 अक्तूबर से, केवल जियो सिनेमा प्रीमियम पर। ट्रेलर में अमर (सनी सिंह) आजादी की तलाश में लंदन की यात्रा करता है, और अपनी उड़ान में अप्रत्याशित रूप से उसे प्रेम (आदित्य सील) से प्यार हो जाता है। एक कथित आपातकाल के कारण अमर को परिवारवाले वापस बुला लेते हैं, उसे पता चलता है कि उसे एक अरेंज मैरिज में धकेल दिया गया है। इसके बाद वह गलतफहमी और पारिवारिक नाटक से निपटता है। अमर का किरदार निभा रहे सनी सिंह ने कहा, अमर एक पंजाबी लड़का है, एक प्यारा आकर्षक व्यक्ति है जो अपने परिवार में सभी के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, उसने उनसे अपनी कामुकता की बात छिपा रखी है और वह इस पर चर्चा करने से झिझकता है।



वृद्धजनों की भावनाओं को समझते हुए उनकी सेवा में तत्पर है छत्तीसगढ़ सरकार * वृद्धजनों के दुख दर्द को समझे और उन्हें उनकी सेवा का भरोसा दिलाए

वृद्धजनों की सेवा से मिलता है पुण्य और आशीर्वाद : मुख्यमंत्री

सूरजपुर। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सूरजपुर जिला मुख्यालय में वृहद सियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने जिले के वृद्धजनों का शॉल, फूल से अभिनंदन कर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन वृद्धजनों के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि मैं सभी वृद्धजनों को प्रणाम करता हूँ और आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप वृद्धजनों की सेवा और सम्मान करें,उनके दुःख दर्द को समझे और उन्हें अपने सेवाभाव से भरोसा दिलाए कि आप उनके साथ है। माता-पिता और वृद्धजनों की सेवा से आपको पुण्य और आशीर्वाद मिलेगा,खुशी मिलेगी और उनके आशीर्वाद से आप अपने मुकाम तक पहुँच पाएंगे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार सभी वर्ग के लिए योजनाएं संचालित कर रही है और योजनाओं का लाभ गरीब,मजदूरों, किसानों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 14 लाख से अधिक सियानो को छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके खाते में पेंशन की राशि दी जा रही है। वृद्धजनों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ ही उनके उपचार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की है। इसी कड़ी में हमने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हर बुजुर्गों की इच्छा होती है कि वह अपने जीवनकाल में एक बार तीर्थ यात्रा जाएं, उनकी भावनाओं और आस्था को ध्यान रखकर हमारी सरकार ने अयोध्या में रामलला के दर्शन की व्यवस्था की है। रेल,बस के माध्यम से अयोध्या जाने और आने के अलावा भोजन,ठहरने की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है। इस योजना से माता कौशल्या की धरती छत्तीसगढ़ के लोग अपने भाँचा राम का दर्शन करने जा पा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किसानों का भरपूर ख्याल रखा। उनसे 31 सौ रुपए में धान खरीदी की।21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी और दो साल का बकाया बोनस की राशि भी प्रदान की। हमारी सरकार द्वारा सरगुजा से लेकर बस्तर तक के तेंदूपत्ता श्रमिकों को लाभान्वित करने के लिए तेंदूपत्ता के प्रति मानक बोरा दर में वृद्धि कर 4 हजार से 5500 रुपए किया और 70 लाख से अधिक विवाहित महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुँचाने महतारी वंदन योजना लागू कर महीने में एक हजार और साल में 12 हजार महिलाओं के खाते में देने की शुरुवात की है। मुख्यमंत्री ने कहा अभी हमारी नई सरकार को महज नौ माह ही हुए हैं और प्रदेश के सभी वर्ग के लिए योजना बनाकर राज्य के विकास की दिशा में कार्य करते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं, आने वाले समय में यहां विकास की गति और बढ़ेगी। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि हमारे घर में माता-पिता और वृद्धजनों का सदैव सम्मान करना चाहिए। उनके सम्मान और आशीर्वाद से ही हम विकास की राह में आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार वृद्धजनों के कल्याण के लिए योजनाएं संचालित कर रही है। उनके लिए पेंशन, आश्रम, उपचार, पीएम आवास, निशुल्क अनाज, तीर्थ यात्रा की व्यवस्था की गई है। आदिम जाति, कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में गरीब,मजदूर, किसानों सहित अन्य सभी के लिए अनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री की पहल से ही 31 सौ रुपए में धान की खरीदी की जा रही है। प्रदेश की दीदीयों के खाते में हर महीने महतारी वंदन योजना के माध्यम से एक हजार रुपए डाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय के आशीर्वाद से अब सरगुजा सम्भाग के सभी जिलों का तेजी से विकास होगा। समारोह में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि वृद्धजन घर परिवार में बरगद की सूकूनदायक छांव की तरह

होते हैं। जो दुख दर्द में हमारी कठिनाइयों को दूर करते हैं। हमें वृद्धजनों की सेवा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने जिले में इस तरह के भव्य आयोजन के लिए जिला प्रशासन की प्रशंसा की। कार्यक्रम को विधायक भुलन सिंह मरावी ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर रोहित व्यास ने स्वागत भाषण दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम स्थल पर मंच से जिलेवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनेक मांगों को पूरा करने की घोषणा की। जिसके अंतर्गत ग्राम बिहारपुर में सहकारी बैंक खोलने की घोषणा की। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पहाड़गांव में पर्यटन को बढ़ावा देने पिलखा पहाड़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मंजूरी दी। गोपालपुर में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। शिक्षा व्यवस्था में सुधार हेतु भटगांव विधानसभा क्षेत्र के 103 एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की व्यवस्था करने घोषणा की। ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा प्रारंभ करने की स्वीकृति दी। सूरजपुर महाविद्यालय के स्टेडियम ग्राउंड में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक बनाने की घोषणा की। भैयाथान-सूरजपुर मार्ग में ऊंचडीह, नेवरा राष्ट्रीय राजमार्ग तक 09 किलोमीटर तक सड़क मरम्मत की घोषणा की एवं ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने मंजूरी प्रदान की। साथ ही उन्होंने सूरजपुर ऑडिटोरियम का नाम डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के नाम पर करने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को मिले अनेक विकास कार्यों की सौगात के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सूरजपुर जिले के दौरे के दौरान जिले में करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री साय द्वारा लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रतापपुर , मुख्य कार्यपालन अधिकारी , जनपद पंचायत भैयाथान ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामानुजनगर , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रेमनगर ,कार्यपालन अभियंता जल संसाधन,, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज लिमिटेड अंबिकापुर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं नगरपालिका परिषद सूरजपुर, अंतर्गत 187 करोड़ 51 लाख की लागत से 159 कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। सूरजपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के सभी जनपदों में से एक-एक हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् आवास पूर्ण कर लिए हितग्राहियों को आवास की चाभी सौपी। जिले के भैयाथान, ओडगी, प्रतापपुर, प्रेमनगर, रामानुजनगर और सूरजपुर जनपद के पात्र हितग्राहियों संतोष कुमार पिता रामाशंकर, बृजलाल पिता बुधराम, देवशरण पिता हीरा साय, बीरसाय पिता बैजनाथ, सुखमनिया पति/पिता लक्ष्मण, बरातु पिता रंगु को आवास की चाभी सौंपी गई। मुख्यमंत्री साय ने आज सूरजपुर अग्रसेन स्टेडियम में अयोजित कार्यक्रम में सक्षम सूरजपुर अतंर्गत डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत् संचालित डिजिटल बस का अवलोकन किया। सक्षम सूरजपुर अंतर्गत जिले में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन (डिजीटल बस) संचालन किया जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क डिजिटली शिक्षा देने और बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके द्वारा जिले के बड़ी ग्रामीण जनसंख्या को डिजिटल तकनीकों के संबंध में जागरूक करने के साथ डिजिटल उपकरणों के संबंध में जानकारी प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन छ.ग. राज्य अंतर्गत जिला सूरजपुर प्रथम जिला है जहां डिजिटल बस ने जिले के 06 विकासखण्डों में भ्रमण कर डिजिटल साक्षता से लोगों को अवगत कराया और जागरूक किया जा रहा है। इस बस के द्वारा डिजिटल बैंकिंग से लेकर साईबर सिक्योरिटी पर शिक्षा दी जा रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बेसिक आईटी शिक्षा और साइबर सिक्योरिटी में सर्टिफिकेट कोर्स कराकर प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों को स्वास्थ्य लाभ पहुचाने विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मरीजों का खून, बीपी, शुगर, गठिया, हृदय, श्वास संबंधी, दंत एवं नेत्र, नाक, कान, गला सहित अनेक बीमारियों का जांच कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें आवश्यक परामर्श एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वृद्धजनों को स्वास्थ्य कार्ड एवं सिकलसेल मरीजों को सिकल सेल पहचान कार्ड का वितरण भी किया गया। गौरतलब है कि वृद्धजनों को नियमित स्वास्थ्य लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों हेतु वृद्धजन स्वास्थ्य कार्ड बनाने की शुरुआत शिविर में किया गया ताकि वृद्धजनों को विभिन्न प्रकार की जांच व उपचार की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जा सके। इस अवसर पर जिले के समस्त पंजीकृत निजी चिकित्सालय के प्रतिनिधियों द्वारा आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष वृद्धजनों के स्वास्थ्य हित में सभी पंजीकृत निजी चिकित्सालयों में वृद्धजनों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने संकल्प पत्र प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले में शासन के विकास कार्यों पर आधारित विभागीय स्टालों का अवलोकन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस दौरान समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, मत्स्य पालन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री साय ने सभी स्टॉलों का अवलोकन कर स्टॉल में मौजूद हितग्राहियों को विभिन्न योजनांतर्गत सामग्री एवं राशि चेक का वितरण किया। इस दौरान मत्स्य विभाग से 05 हितग्राहियों को जाल और आइस बॉक्स और दो हितग्राही को केसीसी कार्ड का वितरण, पशुपालन विभाग से दो हितग्राही में से एक हितग्राही को राज्य डेयरी उद्यमिता के तहत सब्सिडी राशि साठ हजार का राशि चेक और एक हितग्राही को मुर्गीपालन हेतु केसीसी कार्ड, कृषि विभाग से दो हितग्राही को इलेक्ट्रिक पंप और उद्यानिकी विभाग से दो हितग्राहियों को केसीसी कार्ड का वितरण किया। इस दौरान मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मत्स्य पालन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री साय ने सभी स्टॉलों का अवलोकन कर स्टॉल में मौजूद हितग्राहियों को विभिन्न योजनांतर्गत सामग्री एवं राशि चेक का वितरण किया। इस दौरान मत्स्य विभाग से 05 हितग्राहियों को जाल और आइस बॉक्स और दो हितग्राही को केसीसी कार्ड का वितरण, पशुपालन विभाग से दो हितग्राही में से एक हितग्राही को राज्य डेयरी उद्यमिता के तहत सब्सिडी राशि साठ हजार का राशि चेक और एक हितग्राही को मुर्गीपालन हेतु केसीसी कार्ड, कृषि विभाग से दो हितग्राही को इलेक्ट्रिक पंप और उद्यानिकी विभाग से दो हितग्राहियों को केसीसी कार्ड का वितरण किया।

सूरजपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हुआ आत्मीय स्वागत

सूरजपुर। सूरजपुर दौरे के लिए हेलीपेड सूरजपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ,सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज, विधायक भूलन सिंह मरावी, शकुन्तला पोर्ते, पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा, सरगुजा संभाग कमिश्नर जी. आर. चुरेंद्र, सरगुजा आई.जी. अंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास और पुलिस अधीक्षक एम आर अहिरे द्वारा पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन का मुख्यमंत्री साय ने किया अवलोकन

सूरजपुर। मुख्यमंत्री साय ने सूरजपुर अग्रसेन स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में सक्षम सूरजपुर अंतर्गत डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत संचालित डिजिटल बस का अवलोकन किया। गौरतलब है कि सक्षम सूरजपुर अंतर्गत जिले में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन (डिजिटल बस) संचालन किया जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क डिजिटली शिक्षा देने और बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके द्वारा जिले के बड़ी ग्रामीण जनसंख्या को डिजिटल तकनीकों के संबंध में जागरूक करने के साथ डिजिटल उपकरणों के संबंध में जानकारी प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन (डिजिटल बस) द्वारा डिजिटल बैंकिंग से लेकर साईबर सिक्योरिटी पर शिक्षा दी जा रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बेसिक आईटी शिक्षा और साइबर सिक्योरिटी में सर्टिफिकेट कोर्स कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही कोर्स को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन छ.ग. राज्य अंतर्गत जिला सूरजपुर प्रथम जिला है जहां डिजिटल बस ने जिले के 06 विकासखण्डों में भ्रमण कर डिजिटल साक्षरता से लोगों को अवगत कराया और जागरूक किया जा रहा है। डिजिटल बस से एक ही समय में 20 अभ्यर्थियों को एक साथ डिजिटल शिक्षा का लाभ दिया जाता है। जिले के विभिन्न विकासखण्डों के अतंर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रतिमाह 05 से 06 स्थानों को चिन्हित कर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन के माध्यम से अभ्यर्थियों को डिजिटल साक्षरता से जोड़ा जा रहा है। डिजिटल बस से पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए सोमवार से शुक्रवार तक कक्षाएं लगायी गई एवं शनिवार व रविवार के दिन सामूहिक साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है।

विभिन्न योजनांतर्गत हितग्राहियों को किया गया सामग्री एवं ऋण राशि चेक का वितरण

सूरजपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने सूरजपुर प्रवास के दौरान अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान जिले में शासन के विकास कार्यों पर आधारित विभागीय स्टालों का अवलोकन भी उनके द्वारा किया गया। इस दौरान समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, मत्स्य पालन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री साय ने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और स्टॉल में मौजूद हितग्राहियों को विभिन्न योजनांतर्गत सामग्री एवं राशि चेक का वितरण किया। इस दौरान मत्स्य विभाग से 05 हितग्राहियों को जाल और आइस बॉक्स और दो हितग्राही को केसीसी कार्ड का वितरण, पशुपालन विभाग से दो हितग्राही में से एक हितग्राही को राज्य डेयरी उद्यमिता के तहत सब्सिडी राशि साठ हजार का राशि चेक और एक हितग्राही को मुर्गीपालन हेतु केसीसी कार्ड, कृषि विभाग से दो हितग्राही को इलेक्ट्रिक पंप और उद्यानिकी विभाग से दो हितग्राहियों को केसीसी कार्ड का वितरण किया।

धान की अफरा-तफरी मामले में मिल संचालिका पर एफआईआर दर्ज

कोरिया। धान की अफरा-तफरी के मामले में कलेक्टर के निर्देश पर राइस मिल संचालिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए तीन साल के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय अधिकारियों की कमेटी गठित कर चितमापारा पटना स्थित मेसर्स मंगल राइस मिल परिसर के प्रतिनिधि और मिल कर्मचारी की उपस्थिति में धान और चावल भंडारण का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के लिए पहुंची टीम को वहां कोई स्टॉक ही नहीं मिला, जबकि मिल संचालिका ने एफ.सीआई में चावल ही जमा नहीं किया है। इसके बाद मेसर्स मंगल राइस मिल की संचालिका कमला ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। यह भी बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, नवा रायपुर के निर्देश पर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में भारतीय खाद्य निगम में औसत से कम चावल जमा करने वाले राइस मिलो के भौतिक सत्यापन के लिए गठित जिला स्तरीय जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर सस्थित किया गया। मेसर्स मंगल राइसमिल द्वारा समितियों से उठाये गये कुल धान की मात्रा 3 हजार 895 मैट्रिक टन, धान के विरूद्ध एफसीआई/नान जमा किये गये चावल की मात्रा 28.98 मैट्रिक टन, बारदाना 725 नग, शेष बचे धान की मात्रा 3852.17 मैट्रिक टन तथा जमा हेतु शेष चावल की मात्रा 2606.76 मैट्रिक टन था। उपरोक्तानुसार राइसमिल परिसर के प्रतिनिधि एवं मिल कर्मचारी की उपस्थिति में धान/चावल भंडारण का भौतिक सत्यापन किया गया था, जिसमें मेसर्स मंगल राइसमिल में जांच दल द्वारा भौतिक सत्यापन में धान एवं चावल की कोई मात्रा (स्टॉक) नहीं पाया गया और न ही मिल संचालिका द्वारा भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में शासन द्वारा निर्धारित चावल की मात्रा जमा किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मेसर्स मंगला राइसमिल के संचालिका कमला ठाकुर के द्वारा उपार्जन केन्द्रों से उठाये शेष 3852.17 मैट्रिक टन धान का अफरा-तफरी किया गया है, जो छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चायल उपार्जन आदेश 2016 के कण्डिका 3(3).4(3) (5) एवं 6 का स्पष्ट उल्लंघन होकर छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के कण्डिका 9 के तहत् दण्डनीय है। इसी प्रकार कस्टम मिलिंग नीति 2023-24 के कंडिका 6.18 एवं किये गये अनुबंध पत्रों की शर्तों का भी उल्लंघन किया गया, जिसके लिए मेसर्स मंगला राइसमिल को दोषी पाया गया। जिला विपणन अधिकारी द्वारा मेसर्स मंगल राइस मिल की संचालिका कमला ठाकुर के विरुद्ध धान के अफ रा-तफ री करने के कारण पुलिस में प्राथमिकी (एफआई.आर.) दर्ज कराया गया व अमानत राशि बैंक गारण्टी/पीडीसी/एफडीआर की राशि में से नियमानुसार वसूली कर समायोजन कराते हुए मिल को तीन वर्षों के लिए काली सूची में दर्ज भी किया गया है। यही भी बता दें कि मेसर्स मंगल राइसमिल को पहले भी छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के उल्लंघन के कारण दो वर्ष की कालावधि के लिये ब्लैक लिस्ट किया गया था।

सड़क किनारे खड़े छात्र की वाहन की टक्कर से मौत

सूरजपुर। भैयाथान मार्ग में डुमरिया रेलवे ब्रिज के समीप सड़क किनारे खड़े युवक की तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। उक्ताशय की रिपोर्ट भैयाथान इलाके के ग्राम केवरा निवासी पुष्पचन्द्र जायसवाल ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका भतीजा गौरव पिता कृष्ण चंद्र जायसवाल 16 वर्ष जिला प्रशासन द्वारा सूरजपुर में निश्शुल्क आयोजित सक्षम कोचिंग में पढ़ाई करता था। वह सोमवार को अपने भतीजे गौरव को अपनी होंडा लिंडो मोटरसाइकिल में बिठाकर सक्षम कोचिंग सेंटर सूरजपुर जा रहे थे। डुमरिया रेलवे ब्रिज के पास वे बाइक रोककर लघुशंका करने लगे। इस दौरान तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे खड़े उनके भतीजे गौरव को अपनी चपेट में ले लिया। इससे दुर्घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

देवतालाब में मछली मारने के दौरान डूबने से युवक की मौत

लखनपुर। लखनपुर कोसंगा रोड स्थित देवतालाब में मछली मारने के दौरान पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। लखनपुर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी राम मिलन उर्फ रंगरूट (32) दोपहर तीन बजे मछली मारने गया हुआ था। तालाब के अंदर घास में बंसी फंस गया। बंसी को घास से निकालने तालाब के अंदर उतरा युवक पानी में डूबने लगा, उसके साथियों के द्वारा उसे पानी से बाहर निकाला गया और उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई। लखनपुर पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले को जांच कर रही है। इस घटना से मृतक के स्वजन में शोक का माहौल है।

सीएम का विरोध करने जुटे आदिवासी समाज के 13 सदस्य गिरफ्तार

सूरजपुर। सीतापुर क्षेत्र के बहुचर्चित संदीप लकड़ा हत्याकांड के मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी समेत अन्य मांगों को लेकर जिला मुख्यालय के प्रवास पर आए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का काली पट्टी लगा तख्ती हाथ में लिए महगवां चौक में खड़े छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के 13 सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170/126, 135 के तहत कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज का आरोप था कि सीतापुर क्षेत्र में घटित राजमिस्त्री संदीप लकड़ा हत्याकांड के मुख्य आरोपित अभिषेक पांडेय की आज तक गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। हत्या के बाद लाश को ठिकाने लगाने में शामिल पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों व अन्य लोगो पर भी कार्रवाई नही की जा रही है। संदीप के हत्यारों की संपत्ति कुर्क की जानी चाहिए। उनकी यह भी मांग थी कि आदिवासी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले भू माफिया गुड्डू ठाकुर की चल अचल संपत्ति कुर्क होनी चाहिए। अपनी इन मांगों को लेकर सर्व आदिवासी समाज के लोग महगवां चौक में हाथ में काली पट्टी लगाने के साथ ही हाथ मे तख्तियां लेकर कार्यक्रम से वापस हैलिपेड मैदान जाते वक्त मुख्यमंत्री के समक्ष विरोध दर्ज कराने वाले थे। जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने सर्व आदिवासी समाज के 13 सदस्यों को हिरासत में लेकर बिश्रामपुर थाना भेज दिया था और मुख्यमंत्री के वापसी के बाद कोतवाली पुलिस ने उनके विरुद्ध धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें कार्यपालिक दंडाधिकारी सूरजपुर के न्यायालय में पेश कर दिया। गिरफ्तार होने वालों में सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष मोतीलाल पैकरा समेत शंभू शक्ति सेवा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शांडिल्य के अलावा सिद्धनाथ पैकरा, सुमंत टोप्पो, सागर राजवाड़े, बंशरूप पैकरा, बृजमोहन सिंह, जेम्स कुजूर, अनूप प्रताप सिंह, उमेश्वर सिंह पोया, डा़ अमृत सिंह मरावी, देवी सिंह एवं हरि सिंह शामिल हैं।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

रायपुर। पुरानी बस्ती बीरगांव में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। 31 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी डॉ.विक्रम डडसेना ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया और बाद में मांग में सिंदूर भरकर शादी भी कर लिया। जिसके बाद आरोपी ने प्रार्थिया को अपने घर से भगा दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

"रायपुर। पुरानी बस्ती पुलिस के टीम ने मारूति इको कार से गांजा तस्करी करते चार युवकों को गिरफ्तार किया है।

छात्रा ने फांसी लगा की आत्महत्या

सूरजपुर। कोतवाली थाना इलाके के ग्राम पंपापुर जूना पारा में कालेज में पढ़ाई कर रही 18 वर्षीय छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि ग्राम पंपापुर जूना पर निवासी आरती चेरवा 18 वर्ष शासकीय कॉलेज सूरजपुर में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। सोमवार व मंगलवार की दरमियानी रात उसने अपने घर की कंडी में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। डीडीनगर निवासी अतुल कुमार सोनी 61 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीजेड 8605 को गोल चौक स्थित अपर संचालक उच्च शिक्षा कार्यालय के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 7 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में देवेन्द्र नगर निवासी लक्ष्मीकांत तिवारी 27 वर्ष ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एनटी 9803 को भाटिया नर्सिंग होम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

पहली बार पिट एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई,दो को जेल

मनेन्द्रगढ़। मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर पूर्णतः रोक लगाने के उद्देश्य से अब और सख्त कार्रवाई की जा रही है। सरगुजा संभाग में पहली बार पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत दो व्यक्तियों को तीन माह के लिए जेल भेज दिया गया है।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के इश्हाक कुरेशी उर्फ नाण्डी निवासी न्यू टिकरापारा गोदरीपारा चिरमिरी एवं सरगुजा जिले ब्रह्मपारा अंबिकापुर निवासी राजू नामदेव शामिल है। संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र ने प्रकरणों की सुनवाई के बाद इन दोनों को तीन महीने के लिए जेल भेज दिया है। मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी कुछ लोग ऐसे हैं जिनके द्वारा इस धंधे को बंद नहीं किया जा रहा है। ऐसे ही लोगों की पहचान कर पहली बार पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग ने शासन के मंशानुरूप मादक पदार्थों के कारोबार में सक्रिय संलिप्त लोगों को निरुद्ध करने पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से एमसीबी से दो,जिला सूरजपुर से तीन , सरगुजा से चार, बलरामपुर से एक, कोरिया से दो प्रकरण प्रस्तुत किए गए थे। संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र द्वारा विचारण उपरांत स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 10 के तहत कार्रवाई करते हुए 30 सितंबर को जिला एमसीबी के इश्हाक कुरेशी उर्फ नाण्डी व सरगुजा के राजू नामदेव को आदेशित दिनांक से तीन माह के लिए जेल हिरासत में निरुद्ध करने हेतु आदेशित किया गया। संभागायुक्त ने कहा कि उक्त कार्रवाई का उद्देश्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त आदतन अपराधियों के क्रियाकलापों पर पूर्णतः रोक लगाना एवं उनमें भय का वातावरण बनाना है ताकि युवाओं को नशीले पदार्थों की पहुंच से दूर रखा जा सके। नशे के कारोबार पर रोकथाम हेतु निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। पिट यानी पीआइटी एनडीपीएस एक्ट 1988 उन गंभीर नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों पर लगाया जाता है जो लगातार उस अपराध में शामिल पाए जाते हैं। यह कार्रवाई शासन की ओर से की जाती है। यह उन अपराधियों के खिलाफ लगाया जाता है जिनका जेल में बंद किया जाना बेहद जरूरी हो जाता है। इसके तहत ऐसे अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाती है, जिनके द्वारा लगातार अवैध रूप से मादक पदार्थों का व्यापार , गतिविधि की जा रही है। तथा निरूद्ध के बिना ऐसे कार्य को रोकने के अन्य कोई विकल्प नहीं हो।

सुभाष बने संस्था सदस्यता प्रभारी

कोरबा। भाजयुमो द्वारा नए सदस्य बनाने के लिए 4 अक्टूबर से सभी मंडलो में रथ यात्रा निकाली जाएगी इसके लिए प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुभाष राठौर को प्रभारी बनाया गया है। जबकि जिला सह प्रभारी का दायित्व पंकज सोनी को दिया गया है। यह निर्णय कल भाजपा मोर्चा प्रकोष्ठ की बैठक में ली गई जिसमें सक्रिय सदस्य बनाने के लिए जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा जिला प्रभारी गोपाल साहू ने कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए।

भामसं महामंत्री पाण्डेय का स्वागत

कोरबा। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री दिनेश पाण्डेय के बालको पहुंचने पर उनका बालको कर्मचारी संघ के कार्यकर्ताओं ने जोर दार स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल, बिजली कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ,भामसं जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा, शरद नायर, लाखन वर्मा, आशीष चन्द्रवंशी सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री पाण्डेय एक कार्यक्रम मूं शामिल होने के लिए बालको आए हुए है।

जयंती पर याद किया बापू को

कोरबा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर आज कोरबा जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता धनेश सिंह एवं अन्य लोगों ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके कार्यों को याद किया। इसी प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी उन्हें नमन किया गया।

दूसरे संगठन में थी कूदने की तैयारी, एचएमएस ने एरिया कार्यवाहक अध्यक्ष बृजलाल को हटाया

यूनियन स्तर पर अब तक की बड़ी कार्रवाई

कोरबा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में ट्रेड यूनियनों का अलग-अलग कारण से अपना दबदबा है और इस बहाने श्रमिक राजनीति करने वालों के बहुत सारे काम आसानी से हो जाते हैं। कई कारण से श्रमिक पदाधिकारी यहां से वहां जाने को लेकर भी आमादा रहते हैं। कुसमुंडा क्षेत्र में एचएमएस के एरिया कार्यवाहक अध्यक्ष बृजलाल को अनुशासनहीनता के चक्कर में हटा दिया गया है। खबर यह भी है कि यहां से केंद्रीय सचिव सहित 38 लोगों ने सदस्यता से इस्तीफा दिया है। लेकिन इस प्रकार की खबरों के बारे में संगठन को सीधे तौर पर कोई पत्र नहीं मिला है।

कुसमुंडा क्षेत्र में अब तक का यह पहला ऐसा मामला है जिसमें ट्रेड यूनियन एचएमएस की ओर से फौरी तौर पर एक्शन लिया गया है। खबरों के मुताबिक एचएमएस में पिछले कुछ दिनों से ठीकठाक नहीं चल रहा है। इसके पीछे अलग-अलग कारणों की बात होती रही है लेकिन इसे पुष्ट नहीं किया गया। बताया गया कि ट्रेड यूनियन में कई ऐसे पहलू होते हैं जिसके चक्कर में प्रबंधन उन्हें महत्व देता है और उनके द्वारा आने वाले प्रस्तावों पर तुलनात्मक रूप से अध्ययन करने के साथ कार्रवाई करता है। सरकार की उपस्थिति भी इसमें एक हो सकती है, ऐसा जानकार बताते हैं। जबकि रणनीतिक रूप से भी कई मामले श्रमिक राजनीति को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। जानकारी के अनुसार हाल में ही कुसमुंडा क्षेत्र में उठापटक तेज हुई और इसके बीच केंद्रीय सचिव सहित 38 पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने प्राथमिक सदस्यता छोड़ने की बात भी कही। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस तरह की जानकारी वायरल हुई। बड़े नेताओं के संज्ञान में यह मामला आया। मामला भले ही कुसमुंडा क्षेत्र का रहा हो लेकिन इसने अपनी व्यापकता न केवल कोरबा जिले बल्कि एसईसीएल कंपनी के क्षेत्राधिकार वाले सभी एरिया में पहुंचाई। जानकारों का कहना है कि सूचना वायरल होने के बाद से न केवल हड़कंप मची बल्कि कर्मचारियों व यूनियन में रूचि रखने वाले लोगों ने इसे कन्फर्म करने को लेकर जल्दबाजी दिखाई। वे जानना चाहते थे कि आखिर किस-किस ने दूरी बनाई और इसके पीछे क्या कुछ वजह रही। काफी प्रयास के बाद इस बारे में बहुत अधिक जानकारी हासिल नहीं हो सकी। लेकिन यह पता चला कि कुसमुंडा क्षेत्र में बहुत कुछ हुआ है और संगठन ने भी अपनी ओर से सख्ती दिखाई है।

कई आधार पर दी जाती है जिम्मेदारी

एसईसीएल के साथ-साथ अन्य पब्लिक सेक्टर में ट्रेड यूनियन सक्रिय हैं और वे भिन्न-भिन्न क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी तय करते हैं। बिजली सेक्टर को छोड़ दिया जाए तो खासतौर पर कोल सेक्टर में यूनियनें हर समय हावी रही हैं और समय के साथ हावी हो रही हैं। ट्रेड यूनियनों को मान्यता और सदस्यता की स्थिति के आधार पर उन्हें भाव मिलता है। ऐसे में हर कोई अपने वजन को दिखाना चाहत है ताकि अधिकतम वर्चस्व कायम रह सके। बताया जाता है कि प्रभावशाली कर्मियों को यूनियनें वेलफेयर, सेफ्टी, जेसीसी और अन्य समितियों में सदस्य बनाती है। भिन्न-भिन्न स्तर पर होने वाले दौरे, निरीक्षण के मामले में इनकी रिपोर्ट और सुझाव मायने रखते हैं। एरिया और कंपनी स्तर पर भी पूछपरख होती है। ऐसे में हर कोई महत्वाकांक्षी हो ही जाता है।

अधिकांश शक्तियां थीं उनके पास

कुसमुंडा क्षेत्र में एचएमएस के एरिया कार्यवाहक अध्यक्ष बृजलाल पनिका को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। संगठन विरोधी गतिविधियों में वे काफी समय से शामिल थे। कई प्रकार की सूचनाएं उनके द्वारा प्रसारित की जा रही थी। संगठन ने उन्हें जेसीसी का सदस्य भी बनाया था। एक तरह से उनका पद भले ही कार्यवाहक का था लेकिन अधिकांश काम उनके द्वारा ही किए जा रहे थे। पता चला था कि वे दूसरे संगठन में जाने की तैयारी कर रहे हैं इसलिए हमने मामले को गंभीरता से लिया और अपने स्तर पर निर्णय लिया। जहां तक बड़ी संख्या में पदाधिकारियों के इस्तीफे का सवाल है, किसी का भी इस्तीफा हमारे पास नहीं पहुंचा है।

-अरूण झा, अध्यक्ष, कुसमुंडा एरिया

सोशल मीडिया में चल रहा मामला

केंद्रीय सचिव सहित 38 पदाधिकारियों के द्वारा पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की बात सोशल मीडिया तक सीमित है। मेरे पर किसी का कोई इस्तीफा नहीं पहुंचा है। अन्य व्यक्ति ने फोन के माध्यम से मुझे इस बारे में जानकारी दी है।

-नाथूलाल पांडेय, केंद्रीय अध्यक्ष, एचएमएस

तालाब में डुबकियां लगाते दिखे बड़ी संख्या में हाथी

कोरबा। कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत केंदई रेंज में घूम रहे 36 से अधिक हाथियों का झुंड कोरबी से आगे नहीं बढ़ रहा है। 20 हाथी को खुरूपारा के तालाब में डुबकी लगाते देखा गया। इसके बाद हाथी धान खाने के लिए खेतों में चले गए। जानकारी के अनुसार ग्रामीण दूर से ही हाथियों को देखते रहे। 16 हाथियों का झुंड ग्राम झोरखीपारा में घूम रहा है। यह ग्राम फुलसर और सिटीपखना की सीमा पर बसा है। झुंड में बच्चे होने की वजह से हाथी ग्राम में नहीं घुस रहे हैं। ग्रामीण भी हाथियों को खदेड़ने के लिए रोज जंगल पहुंच रहे हैं। इससे कभी भी बड़ी घटना होने की आशंका बनी हुई हैं। खुरूपारा में फसल रौंदने के बाद हाथियों का दल रोदे क्षेत्र में स्थित दंगबोरा पहाड़ पहुंच गया है।

एसईसीएल के कई अधिकारी हुए इधर से उधर

कोरबा। कोल इंडिया की मिनी रत्न कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) मुख्यालय ने एक बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए 38 अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत कोरबा जिले में स्थापित मेगा परियोजना गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र के अधिकारी प्रभावित हुए हैं।

एसईसीएल मुख्यालय के कार्मिक प्रबंधक द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इन क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया गया है, जिससे कंपनी के संचालन में सुधार की उम्मीद की जा रही है। यह तबादला आदेश एसईसीएल के विभिन्न खनन क्षेत्रों में दक्षता बढ़ाने और संचालन में संतुलन लाने के उद्देश्य से लिया गया निर्णय माना जा रहा है। तबादला आदेश के तहत जिन अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है, वे जल्द ही अपने नए पदस्थापना स्थलों पर कार्यभार ग्रहण करेंगे। यह प्रशासनिक बदलाव एसईसीएल की विभिन्न परियोजनाओं और खदानों में कामकाज को बेहतर बनाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। एसईसीएल मुख्यालय द्वारा की गई इस पहल से खनन क्षेत्र में नई रणनीतियों और व्यवस्थाओं के माध्यम से कार्यों की गति बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है उनमें दीपका एरिया के उप प्रबंधक लकिता को गेवरा एरिया, एसकेपी सिंदे चीफ मैनेजर कोरबा एरिया को विश्रामपुर, विरेंद्र कुमार सीनियर मैनेजर कुसमुंडा को रायगढ़, राजकुमार शर्मा चीफ मैनेजर दीपका एरिया को भटगांव, सुधा बी सेंडे को कुसमुंडा से एसईसीएल हेड क्वाटर, श्रीकांत मालेक्का गेवरा एरिया से कुसमुंडा, रामा चक्रवर्ती गेवरा एरिया से दीपका एवं माधुरी माडके कोरबा से कुसमुंडा शामिल हैं। जिनका तबादला किया गया है। अधिकारियों को शीघ्र ही नए पदस्थापना स्थल पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने का आदेश भी दिया गया है।

बजरंग चौराहा पर ट्रेलर से बाइक की टक्कर में चालक घायल

कोरबा। बालकोनगर के बजरंग चौक क्षेत्र में आज सुबह हुए हादसे में एक नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मालवाहक को जब्त करने के साथ चालक पर अपराध दर्ज किया है।

बुधवार को सुबह बालको नगर क्षेत्र में यह दुर्घटना हुई। बताया गया कि एक बाइक सवार अपने गंतव्य को जाने निकला था। बजरंग चौराहा पहुंचने के दौरान वह एक मालवाहक संख्या सीजी 07 सीआर 1168 की चपेट में आ गया। आमने सामने की भिड़ंत में दुपहिया टकराने के साथ गिर गई और नागरिक घायल हो गया। उसे सिर और अन्य हिस्सों में चोटें आयी। व्यस्त क्षेत्र में हुई घटना पर लोगों ने संज्ञान लिया और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसों की रोकथाम के लिए सतत रूप से कार्रवाई की जा रही है। किसी भी स्थिति में ट्रैफिक नियम की उपेक्षा करने के मामले में चालकों पर कार्रवाई का दौर जारी है और आगे भी जारी रहेगा।

यूनिक नंबर लिखवाने होंगे आटो वाहनों में

कोरबा। जिले में संचालित हो रहे सभी प्रकार के आटो वाहनों में अब यूनिक नंबर लिखवाने होंगे। पुलिस ने आटो संघ के पदाधिकारियों की बैठक लेने के साथ इस बारे में जरूरी निर्देश दिए। कहा गया कि समय-समय के साथ इस काम को पूरा किया जाए।

एसपी के निर्देश में ट्रैफिक का प्रभार देख रहीं एडीशनल एसपी नेहा वर्मा ने यह बैठक ली। उन्होंने शहर में यातायात के दबाव, सड़क दुर्घटना और मौजूदा स्थिति में उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर आटो चालको को कई प्रकार से अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने को कहा। उन्हें कहा गया कि सभी ई रिक्शा और अन्य आटो गाड़ियों में युनिक नंबर लिखाएं जाऐ और चौक-चौराहे व बाजार के अंदर बेतरतीब तरीके से खड़ा न किया जाए। गाड़ी की जो क्षमता निर्धारित है, उसके हिसाब से सवारियों का नियोजन किया जाए। एडीशनल एसपी ने साफ तौर पर कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में परिवहन नहीं करने और चालक के बगल में सवारी बिल्कुल न बैठायी जाए। बैठक में इस बात पर जोर दिया कि यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए जो तरीके अपनाएं जा रहे हैं उसका पालन किया जाए। किसी भी कारण से ट्रैफिक सिग्नल को जंप करने से बचें तथा नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं। उन्हें अपने साथ-साथ परिवार व आटो में सवारी करने वाले लोगों के हितों का ध्यान रखना होगा। पुलिस ने अपेक्षा की है कि जो व्यवस्था ट्रैफिक की बेहतरी के लिए की जा रही है, उसे हर हाल में अच्छा बनाने का प्रयास किया जाएगा।

ईश्वर की कृपा के लिए जरूर करें बुजुर्गों का सम्मान : मंत्री

कोरबा। कोरबा जिले के प्रशांति वृद्धाश्रम में अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि जो बुजुर्गों का सम्मान करता है, ईश्वर की कृपा उस पर रहती है।

नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान एवं परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि वे बुजुर्गों का सम्मान कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। श्री देवांगन ने नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम करते हुए 20 वर्षों से संस्था द्वारा वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है। जबकि संस्था किसी प्रकार का शासकीय अथवा गैर शासकीय अनुदान प्राप्त नहीं करती है। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था पूरे छत्तीसगढ़ में बुजुर्गों की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी जिलों में सर्वसुविधा युक्त वृद्धाश्रम के संचालन करने जा रही है। इसके पूर्व कैबिनेट मंत्री द्वारा बुजुर्गों को तिलक लगाते पुष्पहार और श्रीफल से सम्मान किया गया। परिचर्चा में पार्षद नरेंद्र देवांगन, डा. संजय गुप्ता, कल्पना मिश्रा आदि ने भाग लिया और अपनी बात रखी।

आवश्यकता है

रिसेप्शनिस्ट
2 पोस्ट (युवती)
वेटर
4 पोस्ट (युवक)
होटल दीनदयाल
दीनदयाल मार्केट
कोरबा



स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com